सुबोध पॉकेट बुक्स दिल्ली

अरविन्द

एक
लाख

उन भारतवासियों को

जिनको

वर्तमान अर्थ व्यवस्था ने

बेकार बना दिया है।

अध्याय १

इण्टरव्यू और नौकरी

आज़ादी के बाद नौकरी की समस्या ने हमारे देश में विकराल रूप धारण कर लिया है। समस्या इतनी जटिल हो गई है कि अनपढ़ लोगों की बात तो दूर, कई बार पढ़े-लिखे लोगों को भी नौकरी नहीं मिलती, इसलिए लोगों का शिक्षा और उन्नति पर से विश्वास उठता जा रहा है। अधिकांश नवयुवक यह सोचने लगे हैं कि हमारे देश में शिक्षा, श्रम और ईमानदारी जैसे गुणों का कोई मूल्य नहीं। इन नवयुवकों को यह भ्रम हो गया है कि भारत में उनका भविष्य सुरक्षित नहीं है।

यह ठीक है कि आजकल नौकरियाँ मिलना बड़ा कठिन काम है, किन्तु फिर भी हम इस प्रकार जीवन से निराश हो जाने वाले नवयुवकों के दृष्टिकोण से सहमत नहीं हो सकते। जब भी कोई देश आगे बढ़ता है, वहाँ के निवासियों को किसी-न-किसी कठिनाई का सामना ज़रूर करना पड़ता है। दुनिया का कौन-सा देश है जहाँ नवयुवकों को जीवन प्रारम्भ करने से पहले अनेक प्रकार की कठिनाइयों से नहीं जूझना पड़ता? जो लोग धैर्य और संयम से काम लेकर इन कठिनाइयों पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, वे सफल होकर जीवन में सभी प्रकार का सुख भोगते हैं और

वाले प्रत्येक नवयुवक को विशेष ध्यान देना चाहिये। ये बातें निम्नलिखित हैं—

१. आत्मविश्वास—आत्मविश्वास सफलता की कुन्जी है। आत्मविश्वास से न केवल हमारे व्यक्तित्व को बल मिलता है, बल्कि हमारे गुणों का विकास भी होता है। कई बार हमारी क्षमताएँ केवल आत्महीनता के कारण उपेक्षित पड़ी रहती हैं। आत्मविश्वास हमारे व्यक्तित्व की इन्हीं क्षमताओं को निकाल-कर बाहर ले आता है।

कोई भी नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि आप अपने मालिक को अपनी क्षमताओं और योग्यताओं का विश्वास दिला सकें। किन्तु जिस व्यक्ति को अपनी योग्यताओं और क्षम-ताओं पर स्वय ही विश्वास नही होगा, वह किसी दूसरे को इन पर विश्वास करने के लिए कैसे प्रेरित कर सकता है? आत्म-विश्वास का प्रभाव दूसरे व्यक्ति पर तत्काल पड़ता है। जब कोई व्यक्ति यह देखता है कि हम असहाय, भिखारी और खुशामदी न होकर कर्मठ, उत्साही और दृढ-चरित्र हैं तो वह इस बात का प्रयत्न करता है। कि हमारी किसी-न-किसी प्रकार कोई सहायता कर सके। बस, यही सफलता का प्रारम्भ है। यदि हमने पहली मुलाकात में ही किसी व्यक्ति को अपना मित्र बना लिया तो उससे अच्छी बात और क्या हो सकती है! किन्तु याद रखिये कि आपके व्यक्तित्व में यह क्षमता तभी आ सकेगी जब आपको अपने ऊपर विश्वास होगा। यह सोचकर निरुत्साहित होने की कोई आवश्यकता नही है कि आप बेकार हैं। आज दुनिया की बड़ी-बड़ी पदवियों पर बैठे हुए उच्चाधिकारी भी किसी-न-किसी समय बेकार ही थे; फिर आपको चिन्तित होने की क्या आवश्यकता है? अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखिये, भगवान् का नाम लीजिये, और नौकरी की खोज में संलग्न हो जाइये।

जो प्रारम्भिक कठिनाइयों से हारकर हाथ-पर-हाथ धरकर बैठ जाते हैं, दुनिया को कोसने लगते हैं, वे पहली सीढ़ियों पर ही ठोकर खाकर गिर पड़ते हैं और आगे नहीं बढ़ पाते। निराशा-वादी दृष्टिकोण से मनुष्य की क्षमताएँ कुण्ठित हो जाती हैं। वह सदैव हताश रहने लगता है। इसी प्रकार के नवयुवक आए दिन या तो रेल की पटरियों के नीचे सिर दे देते हैं, या ज़हर खाकर आत्महत्या कर लेते हैं।

यह पुस्तक आज की उस पीढ़ी के नवयुवकों के लिए लिखी जा रही है जिन्हें अपने श्रम और कौशल द्वारा देश का पुनर्निर्माण करना है। याद रखिये, हताश और निरुत्साहित व्यक्ति कभी भी जीवन में आगे नहीं बढ़ सकता। आगे वही बढ़ते हैं जो जीवन में मिलने वाले छोटे-से-छोटे अवसर का सदुपयोग कर समाज में अपनी जगह बना लेते हैं।

इसी प्रकार कुछ लोगों का यह भी खयाल है कि सिफ़ारिश के बिना कोई नौकरी नहीं मिलती। हम इस बात से पूर्णतः इन्कार नहीं करते कि कई बार नौकरी प्राप्त करने के लिए उचित सिफ़ारिश होना आवश्यक है, परन्तु केवल इसी आधार पर हाथ-पर-हाथ रखकर बैठ जाना भी मूर्खता होगी। दुनिया के अधिकांश बड़े-बड़े उद्योगपति अपने जीवन के प्रारम्भ में गुमनाम नवयुवक मात्र थे। उनके पास न तो कोई सम्पत्ति थी और न कोई सिफ़ारिश। फिर भी उन लोगों ने धैर्य, दृढ़ता और साहस से काम लेते हुए ख्याति एवं सम्पत्ति अर्जित की। अपना जीवन प्रारम्भ करने वाले प्रत्येक नवयुवक को इन्हीं कर्मठ व्यक्तियों का उदाहरण अपने सामने रखना चाहिये।

नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक सूचनाएँ आगामी में तो दी ही जाएँगी, यहाँ हम कुछ ऐसी बातों का उल्लेख देना आवश्यक समझते हैं जिनकी ओर नौकरी खोजने

वाले प्रत्येक नवयुवक को विशेष ध्यान देना चाहिये। ये बातें निम्नलिखित हैं—

१. आत्मविश्वास—आत्मविश्वास सफलता की कुञ्जी है। आत्मविश्वास से न केवल हमारे व्यक्तित्व को बल मिलता है, बल्कि हमारे गुणों का विकास भी होता है। कई बार हमारी क्षमताएँ केवल आत्महीनता के कारण उपेक्षित पडी रहती हैं। आत्मविश्वास हमारे व्यक्तित्व की इन्हीं क्षमताओं को निकाल-कर बाहर ले आता है।

कोई भी नौकरी प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि आप अपने मालिक को अपनी क्षमताओं और योग्यताओं का विश्वास दिला सकें। किन्तु जिस व्यक्ति को अपनी योग्यताओं और क्षम-ताओं पर स्वय ही विश्वास नहीं होगा, वह किसी दूसरे को इन पर विश्वास करने के लिए कैसे प्रेरित कर सकता है? आत्म-विश्वास का प्रभाव दूसरे व्यक्ति पर तत्काल पडता है। जब कोई व्यक्ति यह देखता है कि हम असहाय, भिक्षालु और खुशामदी न होकर कर्मठ, उत्साही और दृढ-चरित्र हैं तो वह इस बात का प्रयत्न करता है। कि हमारी किसी-न-किसी प्रकार कोई सहायता कर सके। बस, यही सफलता का प्रारम्भ है। यदि हमने पहली मुलाकात में ही किसी व्यक्ति को अपना मित्र बना लिया तो उससे अच्छी बात और क्या हो सकती है! किन्तु याद रखिये कि आपके व्यक्तित्व में यह क्षमता तभी आ सकेगी जब आपको अपने ऊपर विश्वास होगा। यह सोचकर निरुत्साहित होने की कोई आवश्यकता नही है कि आप बेकार हैं। आज दुनिया की बड़ी-बड़ी पदवियों पर बैठे हुए उच्चाधिकारी भी किसी-न-किसी समय बेकार ही थे; फिर आपको चिंतित होने की क्या आवश्यकता है? अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखिये, भगवान् का नाम लीजिये, और नौकरी की खोज मे संलग्न हो जाइये।

२. वेश-भूषा—हमसे मिलने वाला सबसे पहले हमारी वेश-भूषा को देखता है। उसके मन पर पड़ने वाला सबसे पहला प्रभाव हमारे कपड़ों का होता है। जब आप किसी आदमी से पहली बार मिलते हैं तो वह यह नहीं जानता कि आप गरीबों के किसी सड़े-गले मुहल्ले में रहते हैं या अमीरों की शानदार कालोनी में। वह यह भी नहीं जानता कि आप एम० ए० पास हैं या अंडर-मैट्रिक। इसी प्रकार आपकी अन्य योग्यताओं के बारे में भी उसे कुछ नहीं मालूम होता। किन्तु वह मिलते ही सबसे पहले आपको देखता है, बल्कि यूं कहिये कि आपके कपड़ों को देखता है। अतः स्वाभाविक है कि आपकी वेश-भूषा का उस पर गहरा प्रभाव पड़े।

कुछ लोग समझते हैं कि भड़कीले कपड़े पहनने से दूसरों को जल्दी प्रभावित किया जा सकता है। किन्तु नौकरी ढूंढने वाले को सदैव यह ख़याल रखना चाहिए कि वह ससुराल नहीं जा रहा, नौकरी ढूंढने जा रहा है। इसलिए उसकी वेश-भूषा में सादगी, संयम और सुरुचि होना आवश्यक है। कोई भी मालिक अपने दफ़्तर में बम्बई-मार्का हीरो भर्ती नहीं करना चाहता। उसे ऐसे नम्र और परिश्रमी नवयुवकों की आवश्यकता होती है जो सादा जीवन व्यतीत करते हुए भलीभांति उत्तरदायित्व निभा सकें। अतः आपको नौकरी पर जाते समय केवल एक बात का ध्यान रखना चाहिये कि आपके कपड़े चाहे पुराने हों चाहे नए, चाहे फैशनेबल हों अथवा साधारण, साफ अवश्य होने चाहियें। हल्के रंगों के साफ कपड़े पहनिये। दूसरे व्यक्ति पर आपकी सुरुचि का स्वतः प्रभाव पड़ेगा।

३. शिष्टाचार—मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और शिष्टाचार समाज में उठने-बैठने के नियम। जिस व्यक्ति को शिष्टाचार नहीं आता, वह कभी भी लोकप्रिय नहीं हो सकता।

फिर नौकरी ढूँढने वाले नवयुवक के लिए तो यह अनिवार्य गुण है। शिष्टाचार का अर्थ खीसें निपोरते हुए खुशामद करना या हीं-हीं करके तलवे चाटना नहीं है। शिष्टाचार का अर्थ है दूसरे व्यक्ति से संयमित और सभ्य पुरुषों की भाँति पेश आना। शिष्टाचार में दूसरों के प्रति नम्रता, क्षमाशीलता एवं सजगता इत्यादि सभी शामिल हैं। शिष्ट व्यक्ति न किसी के जूते पालिश करता है और न किसी दूसरे से यह आशा रखता है कि उसकी प्रशंसा के पुल बाँधे जायें। शिष्ट व्यक्ति का व्यवहार नपा-तुला और नियमित होता है। वह इधर-उधर की बातों में अपना समय नष्ट नहीं करता।

नौकरी के लिए जाते समय यह खयाल रखिये कि शिष्ट होना बहुत आवश्यक है। यदि आप अपना समय इधर-उधर की बकवास या बेहूदा हरकतों में नष्ट करेंगे तो कोई भी व्यक्ति आपको वहाँ नौकरी देना पसन्द नहीं करेगा। इन बेहूदा हरकतों में अपने-आप को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाना, शेखी बघारना, बात करते समय दाँतों से नाखून काटने तक की असभ्यताएँ शामिल हैं।

४. अध्यवसाय—हम कह चुके हैं कि सफलताओं के शिखर को जाने वाला रास्ता संकटों की दुर्गम घाटी में से होकर जाता है। नौकरी की तलाश करने वाले व्यक्ति को असफलताओं से निरुत्साहित नहीं हो जाना चाहिये। जीवन इतना लम्बा और दुनिया इतनी बड़ी है कि सौ-पचास असफलताओं का कोई महत्त्व ही नहीं है। फिर कुछ लोग शर्म के मारे छोटी नौकरियाँ स्वीकार नहीं करते। यह ठीक है कि व्यक्ति को सदैव ऊँचे-से-ऊँचा लक्ष्य अपने सामने रखना चाहिये, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं कि वह केवल कोरी योजनाओं की दुनिया में सोया रहने वाला स्वप्नदर्शी हो जाए। अपनी स्थिति को आँकते हुए आपको क्षमताओं के अनुसार जीवन में जो कुछ भी मिलता है,

उसे स्वीकार कीजिये। किन्तु इस स्वीकृति का यह अर्थ कदापि नहीं कि आप कोई छोटी-मोटी नौकरी मिलते ही अपनी सारी महत्त्वाकांक्षाओं को दफनाकर रख दें। आगे बढ़ने वाले नौजवान कड़े-से-कड़ा सफर करते समय भी हमेशा चादर ओढ़कर नहीं पड़े रहते। छोटे-से-छोटे स्थान पर होते हुए भी उन्नति के लिए सतत रूप से प्रयत्न करते रहना प्रगति का पहला चिह्न है। जो व्यक्ति केवल थोड़ी दूर चलने के बाद ही थककर बैठ जाता है वह जीवन में विशेष उन्नति नहीं कर सकता। उन्नति वही कर सकता है जो पहाड़ की तलहटी में पहुँचकर साँस फूल जाने के कारण हिम्मत हारकर नहीं बैठ जाता बल्कि थोड़ी देर आराम करने के बाद दोबारा शिखरों पर जाने वाले मार्ग पर चलना प्रारम्भ कर देता है। अपनी आँखें और कान खुले रखिये। जीवन में आपको पग-पग पर ऐसे अवसर मिलेंगे जबकि आप अपनी वर्तमान परिस्थितियों से छुटकारा पाकर उन्नति कर सकते हैं। किन्तु कछुए और खरगोश की कहानी में खरगोश की तरह सोता रहने वाला आदमी इन अवसरों का भी लाभ नहीं उठा सकता। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए सतत रूप से जागरूक रहना आवश्यक है। कहा जाता है कि लक्ष्मी चौबीस घंटों में एक बार इस धरती का फेरा लगाने निकलती है और जो व्यक्ति औरों के थककर सो जाने के बाद भी उद्यम में लगे रहते हैं, उन्हें मालामाल कर देती है। निरन्तर प्रयत्न करते रहिये। लक्ष्मी किसी-न-किसी दिन आप पर अवश्य कृपा करेगी।

५. इन्टरव्यू — आजकल अधिकांश नौकरियाँ [illegible] [illegible] है। कुछ लोगों को इन्टरव्यू का [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] लोग इन्टरव्यू [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] इन्टरव्यू [illegible] [illegible] है।

हमें ऐसे महापुरुषों के बारे में कुछ नहीं कहना ।

किन्तु जो लोग वस्तुतः इन्टरव्यू में पास होना चाहते हैं, उनके लिए आवश्यक है कि वे इन्टरव्यू के लिए पहले से तैयारी करें। इसमें कोई शर्म की बात नहीं । कई बार अनेकों ऐसी बातें जो हमें अन्यथा ज्ञात होती हैं हम उन्हें भूल जाते हैं । इन्टरव्यू से पहले सम्बन्धित तथ्यों के बारे में अपनी स्मृति को तरोताजा कर लेने में कोई हर्ज नहीं है । इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है।

इन्टरव्यू का सबसे महत्वपूर्ण अंश आपका बोर्ड के सदस्यों से वार्तालाप है । इस वार्तालाप के दौरान सावधानी से काम लेना चाहिए। कुछ इन्टरव्यू लेने वालो को अड़ंगी लगाने का शौक होता है। वे वाहियात सवाल पूछकर उम्मीदवारों का मजाक उड़ाना चाहते हैं । किन्तु ऐसे लोग कम ही होते हैं । इन्टरव्यू बोर्ड के अधिकांश सदस्य गम्भीर और अनुभवी अधिकारी होते हैं । अतः उनका उद्देश्य आपको परेशान करना नहीं, आपकी क्षमताओं को परखना होता है । आपके मन में उनके प्रति अनादर अथवा अविश्वास का भाव नहीं होना चाहिये । ऐसा होने से न केवल आप अपना आत्मविश्वास खो बैठेंगे बल्कि कोई-न-कोई ऐसी अनर्गल बात कर जायेंगे जिससे आपकी सफलता खतरे में पड़ जायेगी ।

यह आवश्यक नहीं है कि आप चलते-फिरते विश्वकोष हों । किसी भी व्यक्ति को दुनिया के तमाम प्रश्नों के उत्तर मालूम नहीं हैं। इन्टरव्यू में तरह-तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं । बहुत सम्भव है कि आपको किसी प्रश्न का उत्तर मालूम न हो। इस परिस्थिति में घबराने या शर्मिन्दा होने की कोई बात नहीं । बिना हिचकचाए अपनी स्थिति स्पष्ट कर दीजिये । इन्टरव्यू लेने वाले निश्चित रूप से इतने अनुभवी और समझदार होंगे कि आपकी स्पष्ट-वादिता

से उन पर आपकी ईमानदारी और सच्चाई का अच्छा ही प्रभाव पड़ेगा और सम्भव है कि वे सहानुभूति से काम लेकर कोई और प्रश्न पूछ लें। किन्तु यदि आप उस्तादों के उस्ताद बनते हुए इधर-उधर की बकवास कर इन्टरव्यू बोर्ड के सदस्यों को धोखा देने की चेष्टा करेंगे तो इस बात की पूर्ण सम्भावना है कि आपको अपने अन्य गुणों के कारण मिले हुए नम्बरों से भी हाथ धोना पड़ जाये। दूसरों को उल्लू बनाने की चेष्टा न कीजिये। इस प्रकार के किसी भी मसखरेपन में आपका नुकसान होने की अधिक सम्भावना है। पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों का अपनी योग्यता के अनुसार ठीक-ठीक और संक्षिप्त उत्तर दीजिये। इन्टरव्यू बोर्ड के पास किसी की भी रामायण सुनने का समय नहीं होता। जो उम्मीदवार अधिक बकबक करते हैं, उनकी केवल एकाध प्रश्न पूछकर ही छुट्टी कर दी जाती है। अतः ओवर-ऐक्टिंग करने की चेष्टा न कीजिये। स्वाभाविक रहते हुए सहज ढंग से दूसरों को परखने का मौका दीजिये। इस बात की पूर्ण सम्भावना है कि वे आपकी नम्रता और सादगी से प्रभावित होकर आपको चुन लें।

अध्याय २

योग्यता और सम्भावनायें

कुछ लोग काम-दिलाऊ दफ्तरो (Employment Exchanges) को भी बेकार समझते हैं ; ऐसा सोचना ग़लत है। इन दफ्तरों में थोड़ी बहुत देर भले ही लग जाए किन्तु काम हर हालत में हो जाता है।

नौकरियों का पता जानने के लिए एम्प्लायमेंट एक्सचेंज, अख़बारों के विज्ञापन तथा काम पर लगे हुए लोगों से मिलना-जुलना सर्वश्रेष्ठ स्रोत हैं। किन्तु प्रत्येक व्यक्ति को योग्यतानुसार ही नौकरी ढूंढने का प्रयत्न करना चाहिये। लक्ष्यहीन रूप से इधर-उधर अनिश्चित टक्करें मारने का कोई लाभ नहीं होता।

कुछ लोग अधिक पढ़े-लिखे होते हैं, कुछ कम। इस अध्याय का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को उसकी योग्यताओं के अनुसार कुछ सम्भावित नौकरियाँ सुझाना है।

B.sc. (Hons) or M.S.c. in Physics, B Sc. Hons. or M.Sc. in Chemistry, B Sc. Technology or M.Sc. Technology Chemistry, B Sc. Hons. or M.Sc. Botany, B Sc. Hons or M.S c. Zoology.

से उन पर आपकी ईमानदारी और सच्चाई का अच्छा ही प्रभाव पड़ेगा और सम्भव है कि वे सहानुभूति से काम लेकर कोई और प्रश्न पूछ लें। किन्तु यदि आप उस्तादों के उस्ताद बनते हुए इधर-उधर की बकवास कर इन्टरव्यू बोर्ड के सदस्यों को धोखा देने की चेष्टा करेंगे तो इस बात की पूर्ण सम्भावना है कि आपको अपने अन्य गुणों के कारण मिले हुए नम्बरों से भी हाथ धोना पड़ जाये। दूसरों को उल्लू बनाने की चेष्टा न कीजिये। इस प्रकार के किसी भी मसखरेपन में आपका नुकसान होने की अधिक सम्भावना है। पूछे जाने वाले सभी प्रश्नों का अपनी योग्यता के अनुसार ठीक-ठीक और संक्षिप्त उत्तर दीजिये। इन्टरव्यू बोर्ड के पास किसी की भी रामायण सुनने का समय नहीं होता। जो उम्मीदवार अधिक बकबक करते हैं, उनकी केवल एकाध प्रश्न पूछकर ही छुट्टी कर दी जाती है। अतः ओवर-ऐक्टिंग करने की चेष्टा न कीजिये। स्वाभाविक रहते हुए सहज ढंग से दूसरों को परखने का मौका दीजिये। इस बात की पूर्ण सम्भावना है कि वे आपकी नम्रता और सादगी से प्रभावित होकर आपको चुन लें।

अध्याय २

योग्यता और सम्भावनायें

कुछ लोग काम-दिलाऊ दफ्तरों (Employment Exchanges) को भी बेकार समझते हैं ; ऐसा सोचना ग़लत है। इन दफ्तरों में थोड़ी बहुत देर भले ही लग जाए किन्तु काम हर हालत में हो जाता है।

नौकरियों का पता जानने के लिए एम्प्लायमेंट एक्सचेंज, अख़बारों के विज्ञापन तथा काम पर लगे हुए लोगों से मिलना-जुलना सर्वश्रेष्ठ स्रोत हैं। किन्तु प्रत्येक व्यक्ति को योग्यतानुसार ही नौकरी ढूंढने का प्रयत्न करना चाहिये। लक्ष्यहीन रूप से इधर-उधर अनिश्चित टक्करें मारने का कोई लाभ नहीं होता।

कुछ लोग अधिक पढ़े-लिखे होते हैं, कुछ कम। इस अध्याय का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को उसकी योग्यताओं के अनुसार कुछ सम्भावित नौकरियाँ सुझाना है।

B.sc. (Hons) or M.S.c. in Physics, B.Sc. *Hons. or M.Sc. in Chemistry*, B.Sc. Technology or M.Sc. Technology Chemistry, B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany, B.Sc. Hons or M.S.c. Zoology.

Acrodrome Officers.

Agricultural Meterologists in Agricultural Research Station, New Delhi.

Agricultural Meterologists in Provincial Service.

Agronomests at Indian Agricultural Stations. (B.Sc. or M.Sc. Chemistry)

Analytical Chemists (Geological Survey of India)

Asstt. Agricultural Soil Physicists

Asstt. to Chemical Examiners in Police Deptt. of Medical Service (B.Sc. or M.Sc. Chemistry)

Asstt. Botanist (B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany)

Potato Certification Sub-station, Kufri (Simla Hills)

Asstt. Chemist in Composit Schemes.

Asstt. Chemist, Indian Railways.

Asstt. Chief, Industries Division, Planning Commission.

Asstt. Cytogenetist, Agricutlural Research Institute, Delhi (B.Sc. Hons, or M Sc. Botany)

Asstt. Economic Botanists, Scheme for Improvement of Maize Crop, Indian Agricultural Research Institutes. (B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany)

Asstt, Factory Managers in the Medical Stores Depots, Madras and Bombay.

Asstt./Fruit Specialists in the Provincial, Central Agricultural Services.

Asstt. Insects Entomologist Indian Agricultural Research Institute (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology)

Asstt. Meteorologist & Meteorologist in Indian Meteorologisial Service.

Asstt, Microphotographists in the National Archives of India.

Asstt. Radio Engineers in Provincial Engg. Service.

Asstt. Supdt. of Developments —Instruments and Electronics at the Technical Development Establishment, DehraDun

Asstt Supdt. Grade III, Development, Instruments & Electronics, Dehra Dun.

Asstt. Works Managers Cordite Factories (B.Sc. or M.Sc. Chemistry).

Biochemical Research Officers at the Institute of Fruit Technology. Mysore (B.Sc. Hons. or M.Sc. Chemistry)

Biochemists in Blood Testing Laboratories, Hospitals, Antigens, Production Units and Fisheries Subordinate Services (B.Sc. Hons. or M.Sc. Chemitry)

Chemical Asstt. at the Govt. Testing House, Alipore, Calcutta (B.Sc. Hons. or M.Sc. Chemistry)

Chemical Inspectors in the Office of the Chief Adviser of Factories (BSc. Hons. or M.Sc. Chemistry).

Deputy Development Officers in the Ministry of Commerce and Industry in the Branches of Heavy Chemical (Fertilizers), Heavy Chem ca s (Alkalies), Leather Industry and Paper and Paper Board.

Deputy Development Officers, Timber Development Wing (B.Sc. Hons. or M.Sc Botany).

Deputy Warden of Fisheries (B.Sc. Hons. or M Sc. Zoology)

Development Directors in the Office of Director General of Industries.

Development Officers, Ministry of Industry.

Education Branch, Defence Force.

Educational Corps, Defence Services, Educational Service in Colleges and Institutions.

Employment in Chemical and Pharmaceutical Laboratories and Textile Mills.

Employment in firms dealing with drugs, plants and garden flowers etc.

Employment in the Institute of Chemical Industries, Calcutta and Bengal Chemical and Pharmaceutical Works.

Employment in Malaria Survey and Control. Zoological Survey India. (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Examiner of Questioned Documents.

Examiner of Questioned Documents in Provincial Greneral Service.

Fertilizers Inspectors.

Field Officers, Development wing.

Field Officer, Ministry of Industry. Forest Botanist and Asstt. Conservator of Forests in State Forest Services (B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany).

Forest Research Institute, Dehra Dun.

Garden Supdts. in the Deptt. of Archaology (B.Sc. Hoas. or M.Sc. Botany).

Horticultural Absttractor and Systematic Pemologist in the Council of Agricultural Research (B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany).

I.A.S. and P.S.C. Exams. Inspector of Explosives in Ordnance Factories.

Inspector of Factories in Provincial Govt. Service (B.Sc. Technology or M.Sc. Technology Chemistry).

Inspector of Fisheries in Fisheries Deptt (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Instruments Development Asstt. in the Directorate of Technical Developments, Mathematics Instruments Office, Calcutta.

J.S.O. in the Central Board of Geophysics.

J.S.O. Spectroscopy in the Technical Development Establishment Laboratories, Kanpur.

Junior Analytical Chemists for Chemical Testing Laboratories

Junior Research Asstt in Coconut Research Station, Kasragad and other Institutes.

Junior Research Officer in the Technical Paper Pulp Section of Forest Research Station, Dehra Dun

Junior Scientific Officer in Defence Services Organisation.

Junior Scientists, Defence Science Organisation.

Kiln Operators and Superintendents.

Laboratary Asstt. in the Technical Development Establishment (Military Explosives) and other branches.

Lecturing and Systematic Botanist in Agricultural Subordinate Service

Locusts Entomologists (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Macperal Research Officer (B.Sc. Hons. or M Sc. Zoology).

Marine Zoologist in the Deptt. of Agriculture (B Sc Hons. or M.Sc. Zoology).

Medical Biologists, King Institute, Guindy (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Microscope Instrument Factory, Lucknow.

Mycologist in Agricultural Subordinate Service.

Officers in the Bureau of Plant Protection and Quarantine (B.Sc Hons. or M.Sc. Botany).

Officer, Central Marine Fisheries Research Station, Mandapan (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Officer, Deep Sea Fishing Station, Bombay (B.Sc. Hons. or MSc. Zoology).

Officer, Zoological Gallaries of Indian Muscum at Calcutta, Bombay and Madras (B.Sc. Hons. or M,Sc. Zoology).

Officer, Zoological Survey of India, Banaras Cantt (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Plant Pathologist (B,Sc. Hons. or M.Sc. Botany).

Production Chemists in Ordnance Factories (B.Sc. Hons. or M.Sc.. Chemistry).

Professional Asstt. in Indian Meteorological Service.

Provincial Educational Service

Quarantine Entomologists, Directorate o Plant Protection and Quarantine (B.Sc. Hons. or M Sc. Zoology).

Research Asstt. in the Botanical Survey of India (B.Sc. Hons. or M.Sc. Botany).

Research Asstt./Supdt. in Fisheries Subordinate Service (B Sc Hons. or M.Sc. Zoology).

Research Asstt. in Provincial Fisheries Subordinate Service.

Research Asstts. in the Chemical Laborataries, Universities, Fisheries Deptt. and in the UNESCO International Laboratories, Paris.

Research Asstt. in Naval Base Laboratories at Cochin

Research Asstt. in Provincial Fisheries Subordinate Service.

Research Asstt. for Social Survey.

Research Asstt. in Wood dreservation.

Research Officers, AIR.

Research Officers at Central Marine Fisheries Research Station, Mandapan.

Research Officer, Embryology, Algology, Ecology and Protozoology (B.Sc. Hons., ro M Sc. Zoology).

Research Officer in Prawns and Molluses (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Rubber Development Supdt. (B Sc Hons. or M.Sc. Botany).

Sales Representatives of firms manufacturing or distributing Chemicals and Drugs.

Salt Inspectors.

Sardine Research Officer (B Sc. Hons or M Sc Zoology).

Scientific Atstts. in Indian Meteorological ervice

Second Physicist, Barnard Institute of Radiology, Medical Service Senior Observers.

Senior Scientific Officers, Technical Development Establishment, Kanpur.

Sharks And Rays Research Officer (B.Sc. Hons. or M.Sc. Zoology).

Stores Officers In Technical Development Establishment.

Teachers/ Lecturers in Colleges and Universites.

Technical Asstt. in Central Ministry of Education

Tehnical Asstt. to Police Wireless Officer, Provincial, General Service.

Technical Officers, IAF. (Age 21-25)

Technical Remembernces at Research Institutes.

Technical Research Asstt. in the Central Ministry of Education.

Toxicologists under Ministry of Agricalture (B.Sc. Hons. or M.Sc. Chemistry).

Upper Subordinates in the Research Station of the Agricultural Subordinate Service in the branches of Paddy, Cotton, Millet, Oilseeds, Botany and Physiology.

Graduates, B.A. Hons. or M.A. in Economics, Honours or M.A. in Languages & B. A. Hons. or M.A. or M.Sc. in Maths.

Actuary in Insurance Companies (B. A. Hons. (M.A. or M.Sc. in Maths.) Administrative Works Managers Ministry of Defence.

Agriculture & Horticulture.

Agricultural Meteorologist in Provincial Service (B. A. Hons., M. A. or M.Sc. in Maths).

All India Radio.

Asstt. Campaign Officers (Press Information Bureau)

Asstt. Chief & Research Officers, Economic Division, Planning Commission.

Asstt. Canservator of Forests (B.A. Hons., M. A. or M.Sc. in Maths.).

Asstt. Mathematical Research Officer In Central Water Way Research Station, Poona (B. A. Hons., M. A. or (M Sc. in Maths.).

Asstt. Station Director, AIR.

Asstt. Superintendents Arabic And Persian Inscription) Deptt. Of Archaeology.

Asstt. Talks Officer (External Services, AIR).

Audit Clerks, Local Fund Audit Officer, Provincial Govts. & Equipment Branch.

Business Management, Basic Training Diploma.

Chatered Accountancy (B. Com.).

Central Intelligence Officer, Intelligence Bureau, Home Ministry, G. O. I. (B.A. Hons or M.A. or M.Sc. Maths.).

Commercial Tax Officers Committee Officers (Parliament Secretariat).

Community Project Officers, Administration, Planning Commission.

Community Project Officers on Rural Economics, Planning Commission.

Complaints Officers, (P. & T.)

Conciliation Officers

Co-operation.

Costs And Works Accountants.

Defence Forces (Age 21-23)

Defence Services.

Deputy Statistical Director.

Programme Evaluation Organisation, Planning Commission.

Economic Investigators, Grade I, Community Projects.

Economic Investigators [illegible]

[illegible]

Engineering Courses (Science Graduates only).

Entertainment Tax Officers.

Equipment Officers.

Examiner Of Books, Bombay and other Provincial Govts.

Field Officer, Development Wing, Ministry of Industry (B.A. Hons., M.A. or M.Sc. in Maths.)

Forest Department.

Forest Statistician (B. A. Hons., M.A. or M.Sc. in Maths.).

I.A.S. and other U.P.S.C. and Provincial Competitive Exams.

Income Tax Officers.

Industrial Management.

Inspector of Notified Factories (Science Graduates)

Journalism.

Junior Sales Tax Officers in Bombay and other [illegible]

[illegible] the [illegible] of [illegible]

Research Officer, Planning Commission(Natural Resources Division, Statistics Section).

Research Officers, Programme Evaluation

Organisation, Planning Commission & Bureau of Economics and Statistics.

S. A. S. Exam.

Sales Tax Service Class II.

Senior Investigators & Senior Statistical Asstts.

Social Welfare.

Social Work.

Statistical Research Officer, Office of Economic Advisers of Central and Provincial Govts. (B. A. Hons., M.A. or M Sc in Maths)

Statistician, Labour Bureau, Simla (B.A. Hons, M. A. or M.Sc in Maths.)

Statisticians

Statistical Officer, AIR, (Research Section) (B A. Hons., M. A. or M Sc. in Maths).

Statistical Investigator in A G.'s Branch (B.A. Hons., M.A or M.Sc. in Maths.).

Statistician, Agriculture Science (B A Hons., M. A.or M Sc.in Maths.).

Statistician, Directorate Genral of Heallh Services (B A. Hons., M.A. or M Sc. in Maths.).

Statistician, National Income Unit, Finance Ministry (B A. Hons., M.A. or M.Sc in Maths.)

Stores officers.

Sub-editors in the Subordinate General Educational Service of M.P. Govt. and other Governments.

Subordinate Accounts Service (B.A. Hons ,M.A. or M.Sc. in Maths.).

Teaching.

Technical Officer I. A. F. (Age between 21 & 25).

Tourist Giudes & Information Officers.

Traffic Manager in Parts. Ministry of Transport.

Translators in High Courts and Subsidiary Intelligence Bureau, Calcutta.

Transportation Officers.

U. D. C. in the Office of the Deputy Accountant General and Railway Audit Service. Welfare Superintendents.

●

इन्टरमीडिएट, एफ० एस० सी० इन्टर साइन्स

आनर्स डिग्री कोर्स इन जियोलोजी, कैमिस्ट्री, फिजिक्स बोटनी, ऐन्ट्रोपोलोजी, जुओलोजी, फार्मेसी वगैरह।

आर्कीटैक्चर (नेवल एण्ड टाउन प्लानिंग)।

इंडियन नेवल ऐक्जामीनेशन।

इंजीनियरिंग कोर्स इन कैमिकल, माइनिंग, टैलीकम्यूनिकेशन, साउन्ड व सिनेमैटोग्रोफी और नेवीगेशन आदि।

एयरक्राफ्ट मेन्टेनेन्स सर्टीफिकेट।

ऐक्सरे-टैक्नीशियन।

ऐग्रीकल्चर।

कास्ट एण्ड वर्क्स एकाऊंटैन्सी कोर्स इन टैक्नोलाजी (आयल, सूगर, कैमीकल, टैक्सटाइल)।

जूनियर एयरलाइन्स पाइलट कोर्स।

टीचर।

डिग्री इन स्टेटिसटिक्स।

डिग्री कोर्स इन ऐग्रीकल्चर।

डिग्री कोर्स इन सिविल, इलैक्ट्रिकल, मेकैनिकल इंजीनियरिंग (एफ० एस० सी० मैथेमैटिक्स, फिजिक्स व कैमिस्ट्री)।

डिप्लोमा कोर्स इन फ़ाइन आर्ट्स, डिजाइन एण्ड पेन्टिंग, जियोलाजी।

पुलिस।

फिजिकल एजूकेशन।

मिलिटरी विंग।

मेटलर्जी।

मेडीसिन एण्ड सर्जरी।

रेडियोग्राफी।

रैंजर्स सर्टीफिकेट (फारेस्ट्री)।

सों (तीन-वर्षीय डिग्री कोर्स, बम्बई, गुजरात, पूना विश्व-विद्यालय)।

सायन्टेरी साइन्स।

वेटेरीनरी साइन्स और ऐनीमल हसबन्डरी (ऐफ० ऐस० सी० कैमिस्ट्री, बायलोजी)।

सिने प्राजेक्टर, आपरेशन इत्यादि।

मैट्रिकुलेट

ऐमिनिस ट्रेनिंग।

असिस्टेन्ट स्टेशन मास्टर।

आक्जीलिरी नर्स।

आर्कीटैक्ट।

आर्ट मास्टर।

आर्मेचर वाइंडिंग।

आब्जर्वर इन मैट्रिलाजीकल डिपार्टमेंट।

आर्म्ड फोर्सेज।

आयुर्वेद।

इंजीनियरिंग अपरेन्टिस।

इन्श्योरेन्स एजेन्ट।

इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ऐक्जाम।

इलेक्ट्रीशियन।

इलैक्ट्रीसिटी इन्स्टालेशन।

इलैक्ट्रोप्लेटिंग।

एक्सटेन्शन ट्रेनिंग (मैट्रिक साथ में ऐग्रीकलचर मे डिप्लोमा)।

आकूपेशनल थिरापी।

ओवरसियर (सिविल इंजीनियरिंग)।

क्लर्क।

कम्पाउन्डर।

कानूनगो।

कामर्स कोर्स।

को-आपरेटिव इंस्पैक्टर।

को-आपरेटिव सुपरवाइजर इन को-आपरेटिव बैंक्स (मैट्रिक बुक-कीपिंग और को-आपरेशन सहित)।

ग्राम सेवक व सेविका।

चार्जमैन।

जे० ऐस० डब्ल्यू० व अन्य यू० पी० ऐस० सी० ऐक्जाम।

टाइपिस्ट।

टी०सी० कोर्स।

टीचर।

टेलीग्राफी।

टेली-टाइपराइटिंग।

टेलीफोन आपरेटर व रिपेयर्स।

टैक्निकल क्राफ्ट्स ट्रेनिंग।

टैक्नोलाजी (टैक्सटाइल, कैमीकल, वीविंग एण्ड वल्डिंग)।

डार्क रूम असिस्टेन्ट।

ड्राफ्ट्समैन।

डिप्लोमा कोर्स (आटो इंजीनियरिंग, फार्मेसी, बैंकिंग, आयुर्वेदिक कोर्स, डोमेस्टिक साइन्स, सिरेमिक्स, इलैक्ट्रीसिटी सुपरवाइज़र, सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकैनिकल इंजीनियरिंग, ड्राफ्ट्समैन, क्राफ्टसमैनशिप, टैक्सटाइल, हौजरी मैनुफैक्चर।

पटवारी।

प्रॉसेस सर्विस ट्रेनिंग।

पाइलट ट्रेनिंग।

पॉल्टरी।

पुलिस।

फारेस्टर।

फिजी-ओ-थिरापी।

फिशरीज़ डिप्लोमा।

फ्रूट प्रेज़र्वेशन।

वायलर अटैन्डेन्ट।

वायलर मेकर।

विज़ीनेस कारेसपोन्डेन्स।

बुक-कीपिंग एण्ड अकाऊँटैन्सी।

बैंक आफिसर्ज़ कोर्स।

मलेरिया स्टाफ।

मर्चेन्ट नेवी ऐक्ज़ीक्यूटिव आफिसर्स ट्रेनिंग।

मर्चेन्ट नेवी रेटिंग।

मशीन आपरेटर्स (पंचिंग कार्ड, डुप्लीकेटिंग, टाइप्ड शीट्स, टेवुलेटिंग स्टेटमेन्ट्स, विलिंग व अकाऊँटैन्सी आदि।

मिडवाइफरी।

मेकैनिक (इन्स्ट्रूमेंट, मोटर, रेडियो, आई० सी० इंजिन)

मेकैनिकल ड्राइवर एण्ड हिन्डल इन फिशरीज़ डिपार्टमेंट।

मैडिकल टैक्नीशियन।

यूनानी कोर्स (चार-वर्षीय डिग्री जी० यू० ऐस० ऐस०)।

रेलवे कैरियर।

रेलवे गार्ड।

लैब० असिस्टेन्ट।

लैबोरेटरी टैक्नीशियन ।
लोकल सेल्फ गवर्नमेंट ।
वायॆरलेस टेलीग्राफी ।
विलेज लेवल वर्कर ।
विलिज सँचालक ।
वेक्सीनेटर ।
वेटेरिनरी स्टाफमेन ।
वेटेरिनरी साइन्स ।
स्टाफ मैन्स ट्रेनिंग ।
स्टेनोग्राफर ।
सर्टीफिकेट कोर्स (ऐग्रीकल्चर, लायब्रेरियनशिप, फिजिकल ऐजूकेशन, हैल्थ इन्स्पेक्शन) ।
शिक्षा विशारद माइनिंग, इंजीनियरिंग, लाख, इन्डस्ट्री, एयर-कन्डीशनिंग, पैन्ट्स वार्निश मैनुफैक्चर) ।
सर्वेयर ।
सिगनलर ।
सिरीकल्चरिस्ट ।
सिनेमा प्राजेक्शन आपरेटर ।
सीमैनशिप ।
सेल्समैनशिप ।
सैनीटरी इंजीनियरिंग ।
सैनीटरी इन्स्पैक्टर ।
सोशल ऐजूकेशन आर्गेनाइजर ।
हैल्थ इन्स्पैक्टर ।
हैल्थ विजिटर ।
होम्योपैथ ।
होम एकोनामी फार ग्राम-सेविका ।

पढ़े-लिखे के लिए

इन्डस्ट्रियल डिप्लोमा कोर्स ।
इलैक्ट्रीशियन ।
एनग्रेविंग ।
एनैमलिंग ।
कमशियल प्रिन्टिंग ।
करेशी अटेन्डेन्स कोर्स ।
कोर्स इन एनैमलिंग एण्ड प्लाइंग ।
ग्राइन्डिंग ।
ग्राम सेवक व सेविका ।
चपरासी ।
चित्रमूर्ति कला ।
जर्नीमैन्स कोर्स ।
टर्नर ।
ड्राइवर ।
ड्राइंग (टैक्निकल) ।
ड्राइंग एण्ड प्रिन्टिंग ।
ड्राइंग एण्ड सर्वेयिंग ।

ड्रैसर कोर्स ।
दाई ।
नर्सिंग ।
पटवारी ।
प्लम्बिंग ।
प्रिन्टिंग टैक्नोलाजी ।
प्रिन्टिंग प्रेस आपरेटर ।
पैटर्न मेकर ।
फलेयिंग ।
फिटर्स कोर्स ।
ब्लीचिंग ।
बैल मेटल स्मिथी ।
मिडवाइफ ।
मिलराइट ।
मेकैनिक (ऐयरोनाटिकल आयल इंजिन)

मेकैनिक (जनरल) ।
मेकैनिक (डीजल इंजिन) ।
मोल्डर ।
लाइन मैन ।
लेबर वेल्फेयर ।
लैबोरेटरी टैक्नीशियन ।
वायर मैन ।
कारकुन ।
वेक्सीनेटर ।
वैल्डर ।
शीट मेटल वर्क ।
सर्टीफिकेट इन सिरेमिक्स ।
स्कल्पचर ।
सिरीकल्चर ।
हीट ट्रीटमेंट कोर्स ।

अध्याय ३

सरकारी नौकरियाँ

1. क्लर्कों की नौकरियां—आजकल स्कूलों और कालेजों में अधिकांशतः ऐसी शिक्षा दी जाती है जिससे व्यक्ति क्लर्कों का काम भली-भाँति कर सकता है। क्लर्क की नौकरी प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को देहली के केन्द्रीय सचिवालय, प्रत्येक प्रान्त के प्रान्तीय सचिवालय, अपने जिले के डिप्टी कमिश्नर या फाइनेन्शल कमिश्नर के कार्यालय में ; प्रान्तीय अथवा राजकीय स्वास्थ्य, जन-सम्पर्क, रासनिंग और सिविल सप्लाई डायरेक्टोरेट में ; आयकर, चुंगी, सेल्सटैक्स, मनोरजन-कर अधिकारी के कार्यालय में ; अपने निकटवर्ती स्थानों में स्थित जीवन बीमा आयोग तथा अन्य बीमा कम्पनियों में ; बैंकों, कालेजों, यूनिवर्सिटियों ; महत्वपूर्ण भारतीय एवं विदेशी कम्पनियों में ; फैक्टरियों, मिलों ; आर्डिनेन्स फैक्टरियों, अखबारों, सिनेमाओं, होटलो, अस्पतालों तथा एयर-इंडिया एवं इंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन जैसी महत्वपूर्ण संस्थाओं में ; कार्पोरेशन, म्यूनिसिपल कमेटी अथवा समाज-सुधार की अन्य स्थानीय संस्थाओं में ; रेडक्रास, भारत सेवक समाज, पंचायतों, समाज-कल्याण बोर्डों इत्यादि स्थानों पर प्रयत्न करना चाहिये।

यू० पी० एस० सी० की ओर से लोअर डिवीजन क्लर्क (Assistant Grade), असिस्टेंट ग्रेड अधिकारियों तथा स्टेनो-ग्राफरों के इम्तिहान भी लिये जाते हैं।

1. लोअर डिवीज़न क्लर्क—लोअर डिवीजन क्लर्क की परीक्षा में बैठने के लिए 18 से 25 वर्ष तक की आयु एवं मैट्रिक पास होना आवश्यक है। यह परीक्षा पास कर लेने से व्यक्ति को कम-से-कम 110 रुपये मासिक वेतन मिलना प्रारम्भ हो जाता है। यदि कोई व्यक्ति लोअर डिवीजन क्लर्क होते हुए बी० ए० की परीक्षा पास कर ले तो उसको अपर डिवीजन क्लर्क अथवा असिस्टेन्ट बनने का भी पूरा चान्स है।

2. क्लर्क—इसी प्रकार क्लर्क बनने के लिए भी 18 से 21 वर्ष तक की आयु एवं मैट्रिकुलेशन तक की योग्यता होना आवश्यक है।

3. असिस्टेंट ग्रेड—असिस्टट ग्रेड की परीक्षा में बैठने के लिए 20 से 25 वर्ष तक की आयु तथा ग्रेजुएट होना आवश्यक है।

4. स्टेनोग्राफर—स्टेनोग्राफर की परीक्षा में बैठने के लिये 18 से 24 वर्ष तक की आयु तथा योग्यता कम-से-कम मैट्रिक होनी चाहिये। परीक्षार्थी को इंगलिश शार्टहैंड और टाइपिंग के टैस्ट में पास होना पड़ता है।

इन नौकरियों के लिए सम्बन्धित फार्म आपको अपने-अपने राज्य के लोक सेवा आयोग कार्यालयों से अथवा केन्द्रीय लोक-सेवा आयोग कार्यालय, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली—11, से मिल सकते हैं। क्लर्क ग्रेड परीक्षा के लिए फीस 15 रुपये, असिस्टेंट ग्रेड के लिए 30 रुपये है।

2. कस्टम विभाग में नौकरियाँ—कस्टम विभाग में विभिन्न प्रकार की नौकरियाँ उपलब्ध हैं। इन नौकरियों में प्रीवेंटिव आफिसर (Grade I) बनने के लिए ग्रेजुएट तथा

प्रोवेटिव आफिसर (Grade II) के लिए इंटरमीडिएट पास होना आवश्यक है। कस्टम विभाग के ऐप्रेजर (Appraisers) यू० पी० एस० सी० द्वारा चुने जाते हैं। सीनियर लेबोरेटरी असिस्टेंट, लेबोरेटरी असिस्टेंट एवं स्टोर कीपर का चुनाव ऐम्प्लायमेंट ऐक्सचेंज के माध्यम से होता है।

3. भारतीय सर्वे विभाग की नौकरियाँ—भारतीय सर्वे विभाग की नौकरियों के लिए केन्द्रीय लोक सेवा आयोग हर साल एक परीक्षा आयोजित करता है। इस परीक्षा में बैठने के लिए 20 से 25 वर्ष तक की आयु, बी० ए० अथवा बी०एस०सी० होना आवश्यक है। यह परीक्षा पास कर लेने के बाद विद्यार्थी आफिसर सर्वेयर एवं डिप्टी सुपरिटेंडिंग सर्वेयर बनते हैं। सर्वे-विभाग द्वारा इन्टरमीडिएट पास व्यक्ति, जिन्हें ओवरसियर का सर्टीफिकेट या डिप्लोमा मिला हुआ हो, सर्वेयर्ज नियुक्त किये जाने के लिए दो साल की ट्रेनिंग में भरती किये जाते हैं। सर्वे-विभाग में ही आंकड़ा-विशेषज्ञ बनने के लिए बी० ए० (गणित) के लिए दो वर्ष की ट्रेनिंग का प्रबन्ध है। मैट्रिक पास व्यक्तियों को चार साल की ट्रेनिंग देकर इस विभाग के विभिन्न कोसों अर्थात् एमर सर्वे ड्राफ्ट मैन, प्लेन टेबलर ड्राफ्ट्स मैन इत्यादि के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है।

4. रेलवे विभाग की नौकरियाँ—भारतीय रेलवे विभागों में मिलने वाली नौकरियाँ दो प्रकार की हैं—1. गजेटेड नौकरियाँ, 2 नान-गजेटेड नौकरियाँ।

गजेटेड नौकरियाँ—गजेटेड नौकरियों में क्लास वन रेलवे सर्विसिज, क्लास टू रेल्वे सर्विसिज एवं स्पेशल क्लास रेलवे एप्रेन्टिस ऐग्जामिनेशन्स प्रमुख हैं।

क्लास वन रेलवे सर्विस की परीक्षा में बैठने के लिए 21 से 25 वर्ष तक के बीच की आयु एवं ग्रेजुएट होना आवश्यक है। क्लास

वन सर्विसिज़ के लिए परीक्षाएँ केन्द्रीय लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली–11 द्वारा आयोजित की जाती हैं। वर्ष में एक बार होने वाली इस परीक्षा के सम्बन्ध में समस्त सूचनाएँ उपर्युक्त कार्यालय से ही मिलेंगी।

क्लास टू रेलवे सर्विसिज़ में लोग साधारणतः नीचे पदों से तरक्की करते हुए पहुँचते हैं। किन्तु अब क्लास टू रेलवे सर्विसिज़ के लिए भी केन्द्रीय लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा ली जाने लगी है।

स्पेशल क्लास रेलवे एप्रेंटिसशिप परीक्षा में बैठने के लिए साइंस के विषय लेकर कम-से-कम सेकिंड क्लास इंटरमीडिएट होना आवश्यक है। प्री-इन्जीनियरिंग सैकिंड डिवीज़न में पास कर लेने वाले विद्यार्थी भी इस परीक्षा में बैठ सकते हैं। उम्मीदवारों की आयु सम्बन्धित वर्ष में 3 अगस्त को 16 वर्ष से अधिक तथा 19 वर्ष से कम होनी चाहिए। परीक्षा पास कर लेने के बाद उम्मीदवारों को किसी एक लाइन में लगभग ६ वर्ष की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। ट्रेनिंग के दौरान प्रत्येक उम्मीदवार को मिलने वाले वज़ीफ़ की रकम क्रमशः बढ़ती रहती है। ट्रेनिंग पूरी हो जाने के बाद उम्मीदवारों की उचित पदों पर नियुक्ति कर दी जाती है।

नान-गजेटेड रेलवे सर्विसिज — नान-गज़ेटेड रेलवे सर्विसिज में असिस्टेंट स्टेशन मास्टर, गार्ड, क्लर्क, टाइपिस्ट, टिकट कलैक्टर, माल क्लर्क, बुकिंग क्लर्क इत्यादि नौकरियाँ शामिल हैं।

असिस्टेंट स्टेशन मास्टर बनने के लिए 18 से लेकर 21 वर्ष तक की आयु तथा मैट्रिकुलेट होना आवश्यक है। भारत में रेलवे प्रशासन के विभिन्न ज़ोन हैं। नार्दर्न रेलवे की नौकरियों के लिए रेलवे सर्विस कमीशन, इलाहाबाद, सैन्ट्रल तथा वैस्टर्न रेलवे ज़ोन की नौकरियों के लिए रेलवे सर्विस कमिशन, बम्बई,

ईस्टर्न रेलवे जोन की नौकरियों के लिए रेलवे सर्विस कमीशन, कलकत्ता तथा साउदर्न रेलवे जोन की नौकरियों के लिए रेलवे सर्विस कमीशन, मद्रास से सम्पर्क स्थापित करना आवश्यक है। असिस्टेंट स्टेशन मास्टर के पद के लिए ऐप्लीकेशन फार्म संबधित रेलवे सर्विस कार्यालय से मिल सकते हैं। एक बार चुन लिये जाने पर उम्मीदवारों को एक वर्ष की ट्रेनिंग प्राप्त कर लेने के बाद सिगनलर के रूप में काम करना पड़ता है। फिर उन्हें क्रमशः असिस्टेंट स्टेशन मास्टर के रूप में नियुक्त कर दिया जाता है।

रेलवे गार्ड बनने के लिए 18 से 25 वर्ष तक की आयु और मैट्रिक पास होना आवश्यक है। चुन लिये जाने पर उम्मीदवारों को एक वर्ष की ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। गार्ड की नौकरियों के बारे में वैसे तो अखबारों में विज्ञापन आता है, किन्तु विस्तृत सूचना संबधित रेलवे जोन के प्रमुख कार्यालय से ही मिल सकती है। टिकट कलक्टरों का चुनाव एवं ट्रेनिंग भी रेलवे गार्डों की भांति ही होता है। आऊटडोर क्लर्क, बुकिंग क्लर्क अथवा पुर्सल क्लर्क बनने के लिए 18 से 25 वर्ष के बीच की आयु एवं मैट्रिक पास होना आवश्यक है। इन नौकरियों के लिए चुने गए उम्मीदवारों को थोड़े सम । लिए आवश्यक विभागीय ट्रेनिंग देकर नियुक्त कर दिया जाता है।

हर साल रेलवे के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के अन्तर्गत अनेक अप्रेंटिस भी भर्ती किये जाते हैं। अप्रेंटिस भर्ती होने के लिए मैट्रिकुलेट एवं 18 से 22 वर्ष तक की आयु होना आवश्यक है। चुन लिये जाने के बाद उम्मीदवारों को 3 वर्ष की ट्रेनिंग देकर उचित पदों पर नियुक्त किया जाता है।

इन दोनों श्रेणियों के अतिरिक्त रेलवे की वर्कशापों तथा ट्रेनिंग सेंटरों में विभिन्न प्रकार के कोर्सों में ट्रेनिंग दी

जाती है। झाँसी, जबलपुर, लखनऊ, गोरखपुर, बंगलौर, खड़गपुर, अजमेर, चितरंजन, गाजियाबाद, माधोपुर, सिकन्दराबाद, कंचन-पाड़ा, लिलुआ, हुगली, मैसूर, आलमबाग, चारबाग, पैराम्बूर, त्रिचनापली में रेलवे की वर्कशापें हैं। इन वर्कशापों में जर्नी मैन, चार्जमैन, मकैनिक, ट्रेड-इंस्पैक्टर एवं असिस्टैंट इन्स्पैक्टर्ज़ कोर्स की ट्रेनिंग का प्रबन्ध है। इन कोर्सों के विषय में संबंधित रेलवे ज़ोन के कार्यालय अथवा रेल-मंत्रालय दिल्ली से विस्तृत सूचना प्राप्त हो सकती है।

ओवरसियरी का डिप्लोमा प्राप्त 18 से 24 वर्ष के बीच के व्यक्ति एक साल की ट्रेनिंग के बाद असिस्टैंट इन्स्पैक्टर आफ वर्क्स नियुक्त किये जाते हैं। इस ट्रेनिंग के दौरान आवश्यक वज़ीफा मिलता है। 20 से 30 वर्ष तक की आयु के सिविल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा प्राप्त व्यक्ति रेलवे में दो वर्ष की ट्रेनिंग के बाद ब्रिज इन्स्पैक्टर और सर्वेयर्ज़ नियुक्त हो सकते हैं। इन नौकरियों के लिए विस्तृत जानकारी संबंधित रेलवे ज़ोन के सिविल इन्जीनियरिंग डिपार्टमैंट से प्राप्त होगी।

इंजिन ड्राइवर—इन्जिन ड्राइवर का काम सबसे अधिक खतर-नाक और होशियारी का होता है। इन्जिन चलाने वाले व्यक्ति के लिए अपने काम में अत्यन्त अनुभवी और दक्ष होना आवश्यक है। इंजिनों के ड्राइवर सीधे भर्ती नहीं किये जाते। इन्जिन क्लीनर के रूप में भर्ती होने वाले व्यक्ति ही क्रमशः तरक्की करते हुए इन्जिन ड्राइवर के ग्रेड में पहुँचते हैं।

5. पुलिस की नौकरियाँ—पुलिस विभाग के रेडियो, सी० आई० डी०, क्राइम स्पेशल सी० आई० डी०, सिक्युरिटी, ट्रैफिक, ऐंटी-करप्शन, वायरलैस, स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमैंट, इंटैलिजैंस ब्यूरो इत्यादि कई महत्त्वपूर्ण विभाग हैं। इन विभागों में हर वर्ष हजारों नौकरियाँ निकलती हैं। इन विभागों में

नियुक्त होने वाले अधिकारियों के अतिरिक्त प्रति वर्ष पुलिस में सैकड़ों नाई, धोबी, दर्जी, मोची, साइकिल-मिस्त्री, भंगी, खानसामा, भिश्ती और चपरासी भी भर्ती किये जाते हैं। पुलिस-विभाग का काम चलाने के लिए क्लर्कों, टाइपिस्टों और स्टेनोग्राफरों की भी आवश्यकता पड़ती रहती है। स्पेशल पुलिस ऐस्टेब्लिशमेंट एवं इन्टैलीजेंस ब्यूरो, तो गृह-विभाग, भारत सरकार के अन्तर्गत हैं, किन्तु अन्य क्षेत्रों में उम्मीदवारों का चुनाव विभिन्न प्रान्तीय अधिकारियों द्वारा किया जाता है। निचले दर्जे के नौकर-चाकर, कांस्टेबल और हैड कांस्टेबल भर्ती करना ज़िले के सुपरिन्टेन्डेंट पुलिस के हाथ में है। पुलिस की अधिकांश नौकरियों के लिए 18 से 25 वर्ष तक की आयु तथा मिडिल पास होना आवश्यक है। आजकल मैट्रिकुलेट को प्राथमिकता दी जाती है। ए० एम० आई० और एस० आई० बनने के लिए इन्टरमीडिएट तथा इन्स्पैक्टर बनने के लिए ग्रेजुएट होना आवश्यक है। ए०एस०आई० से ऊपर के पदों पर नियुक्त करने के लिए आई०-जी० द्वारा एक बोर्ड बना दिया जाता है। यह बोर्ड लिखित परीक्षा और इन्टरव्यू लेने के बाद परीक्षार्थियों का चुनाव करता है। पुलिस विभाग के सम्बन्ध में नौकरियों की सूचना प्राप्त करने के लिए अपने राज्य के आई० जी० पुलिस अथवा गृह-मंत्रालय, भारत सरकार से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए।

6. डाक-तार विभाग की नौकरियाँ—डाक-तार विभाग में डाकिया, क्लर्क, तार बाबू, इन्स्पैक्टर, टेलीफोन ऑपरेटर, टेलीफोन सुपरवाइजर, टेलीफोन इन्स्पैक्टर, डाक-चपरासी तथा संदेशवाहकों के पद खाली रहते हैं। इन नौकरियों के सम्बन्ध में अधिकतर समाचारपत्रों में विज्ञापन देखने से पता चल जाएगा, किन्तु विशेष सूचना के लिए अपने ज़िले के प्रमुख पोस्ट ऑफिस या के सीनियर सुपरिन्टेंडेंट आफ पोस्ट आफिसेज, निकटवर्ती

टेलीफोन एक्स्चेन्ज आफिस, राज्य के पोस्ट मास्टर जनरल के आफिस तथा डायरेक्टर आफ पोस्टल सर्विसिज, नई दिल्ली के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए।

पोस्ट मैन बनने के लिए कम-से-कम 17 से 21 वर्ष तक की आयु तथा मैट्रिक पास होना आवश्यक है। पोस्ट मैन भर्ती हो जाने के बाद तरक्की करता हुआ जमादार, ओवरसियर अथवा क्लर्क बन सकता है। क्लर्कों की नौकरी के लिए मैट्रिक में भूगोल लेकर पास होना तथा 17 से 21 वर्ष तक की आयु आवश्यक है। चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्त करने से पहले ढाई महीने की ट्रेनिंग दी जाती है। क्लर्क तरक्की करते-करते पोस्ट मास्टर के पद तक पहुँच सकते हैं। 17 से 21 वर्ष की आयु के इन्टरमीडिएट में भूगोल विषय सहित पास उम्मीदवारों को इन्टरव्यू तथा परीक्षा लेने के बाद इन्स्पेक्टर नियुक्त किया जाता है। डाक-तार विभाग के टाऊन इन्स्पेक्टर तरक्की करते-करते सुपरिटेंडेंट के पद पर पहुँच सकते हैं।

टेलीफोन ऐक्स्चेन्ज में 18 से 21 वर्ष तक की आयु के मैटिक पास लड़कों-लड़कियों को ट्रेनिंग देने के बाद टेलीफोन ऑपरेटर नियुक्त किया जाता है। गणित एवं फ़िज़िक्स विषयों के साथ इन्टरमीडिएट पास व्यक्ति टेलीफोन इन्स्पेक्टर नियुक्त हो सकता है। उम्मीदवार की आयु 18 से 21 वर्ष तक होनी चाहिए। इन्जीनियरिंग सुपरवाइजर बनने के लिए 18 से 24 वर्ष के बीच की आयु तथा गणित और फ़िज़िक्स के विषय लेकर इन्टरमीडिएट पास होना आवश्यक है। इस नौकरी के लिए तीन-वर्षीय डिग्री कोर्स का प्रथम वर्ष पास कर लेने वाले विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

7. कुछ अन्य सरकारी नौकरियाँ—हाई स्कूल में ड्राइंग अथवा मकैनिकल ड्राइंग पढ़ा हुआ व्यक्ति रेलवे सी० पी० डब्लू०

टी०, डिफेंस अथवा अन्य टैक्निकल संस्थानों में ट्रेसर बन सकता है।

बी० टी०, बी०-ऐड अथवा एल० टी० की ट्रेनिंग कर लेने वाले व्यक्ति हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यापक तथा जूनियर बेसिक स्कूल सर्टिफिकेट पास कर लेने वाले व्यक्ति प्राइमरी स्कूलों में अध्यापक बन सकते हैं। आजकल भारत सरकार द्वारा प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में नेशनल डिसिप्लिन स्कीम के अन्तर्गत जूनियर इन्सट्रक्टर्ज (Junior Instructors) की नियुक्ति भी की जाती है। जूनियर इन्सट्रक्टर बनने के लिए 18 से 25 वर्ष तक की आयु तथा सुन्दर स्वास्थ्य होना आवश्यक है। उम्मीदवारों की नियुक्ति 9 महीने की ट्रेनिंग के बाद की जाती है। उन्हें ट्रेनिंग के दौरान 85 रुपये मासिक वजीफा तथा ट्रेनिंग के बाद कम-से-कम 250 रुपये मासिक मिलता है। इस विषय में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए डायरेक्टर नेशनल डिसिप्लिन स्कीम, मिनिस्ट्री आफ ऐजुकेशन, गवर्नमेंट आफ इंडिया, नई दिल्ली से सम्पर्क स्थापित करें।

वायुयानों में 19 से 25 वर्ष तक की हाई स्कूल पास सुन्दर और आकर्षक व्यक्तित्व वाली युवतियाँ एयर होस्टेस बन सकती हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना एस्टैब्लिशमेंट आफिसर, एयर इंडिया, सान्ता क्रूज, बम्बई-29 अथवा एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर, इंडियन एयरलाइन्स आफिस, नई दिल्ली से प्राप्त की जा सकती है। फ्लाइट पर्सर असिस्टेंट बनने के लिए 19 से 25 वर्ष तक की आयु, हाई स्कूल का सर्टीफिकेट, हिन्दी बोलने की क्षमता तथा जर्मन, इटैलियन, फ्रैंच, जैपनीज, रशियन इत्यादि किसी एक विदेशी भाषा का ज्ञान आवश्यक है। उम्मीदवार को चश्मा नहीं लगा होना चाहिए। फ्लाइट असिस्टेंट का प्रारम्भिक वेतन कम-से-कम तीन सौ रुपया प्रति मास है। इस सम्बन्ध में

विस्तृत सूचना एस्टैब्लिशमेंट आफिसर, एयर इंडिया, सान्ता-क्रुज़, बम्बई-29, से प्राप्त हो सकती है

बस कंडक्टर बनने के लिए 18 से 35 वर्ष के बीच की आयु, हाई स्कूल सर्टिफिकेट तथा फस्ट एड का ज्ञान होना आवश्यक है। कंडक्टरों की भर्ती दिल्ली में पर्सनल आफिसर, दिल्ली परिवहन, सिंधिया हाउस, नई दिल्ली द्वारा तथा अन्य राज्यों में रोडवेज़ के प्रमुख अधिकारी द्वारा की जाती है। उम्मीदवारों के चुन लिये जाने के बाद दो महीने की ट्रेनिंग देकर उन्हें नियुक्त किया जाता है।

वन-विभाग में नौकरियाँ

Foresters—वन संरक्षक (Conservator of Forests) द्वारा निम्नलिखित योग्यता वाले व्यक्ति उपर्युक्त नौकरी के लिए चुने जाते हैं—

शैक्षणिक योग्यता—मैट्रिक या समकक्ष।

आयु—18 से 25 वर्ष।

Forest Guards—इनकी नियुक्ति जिला वन अधिकारी (Divisional Forest Officer) द्वारा की जाती है।

शैक्षणिक योग्यता—4 दर्जे तक।

आयु—18 से 25 वर्ष तक।

Rangers—इनकी नियुक्ति प्रदेश लोक सेवा आयोग, अथवा मुख्य वन संरक्षक द्वारा की जाती है।

आवश्यक योग्यता—इन्टरमीडिएट विज्ञान में।

आयु—18 से 25 वर्ष।

योग्य प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण-काल में 75 रुपये मासिक वृत्ति (Stipend) दी जाती है।

Agricultural Rangers—मार्च-अप्रैल मास में उपर्युक्त

स्थानों के लिए समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराये जाते हैं। उम्मीदवारों के पास Agriculture अथवा Botany की डिग्री होना आवश्यक है। आयु 18 से 23 वर्ष तक हो सकती है। उम्मीदवारों को देहरादून या कोयम्बतूर में 2 वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण-काल में उन्हें 75 रुपये मासिक (Stipend) मिलता है। प्रशिक्षण में सफल उम्मीदवारों को Senior Scientific Assistants (Rangers) के रूप में नियुक्त किया जाता है। ऐसे व्यक्तियों को यह लिखकर देना पड़ता है कि कम-से-कम पाँच वर्ष तक केन्द्रीय भूमि संरक्षण बोर्ड में नौकरी करने के लिए तैयार हैं।

Forest Officers—इनका चयन प्रदेश लोक सेवा आयोग करता है।

आवश्यक शैक्षणिक योग्यता—Mathematics, Agriculture, Geology अथवा Natural Science में डिग्री।

आयु—18 से 25 वर्ष तक।

योग्य परीक्षार्थियों को 150 रुपये मासिक Stipend दिया जाता है।

इन नौकरियों के अतिरिक्त Botanists, Silviculturists, Entomologists की कुछ Specialised Gazetted नौकरियाँ भी हैं। इनके लिए प्रदेश लोक सेवा आयोग स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त सुयोग्य व्यक्तियों का चयन करता है।

प्रतिरक्षा सेवाएँ
(Defence Services)

भारतीय सेना के तीन भाग हैं—स्थल सेना, नौ सेना एवं वायु सेना। इन तीनों विभागों में प्रत्येक वर्ष टैक्निकल और

नॉन-टैक्निकल हजारों तरह की नौकरियां निकलती हैं।

परिचय—प्रत्येक विभाग का प्रशासन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (Chief Administrative Officer) के हाथ में होता है। राष्ट्रीय छात्र सेना (N.C.C.) का प्रशासन राष्ट्रीय छात्र सेना और निर्देशालय (N.C.C. and Directorate) द्वारा होता है।

आवश्यक शर्तों को पूरा करने वाले व्यक्तियों को कई संस्थाओं द्वारा सैनिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन संस्थाओं में प्रमुख हैं—National Defence Academy, Indian Military Academy, College of Military Engineering और Infantry School, National Defence College Delhi में तीनों सेनाओं के अफसरों को संयुक्त प्रशिक्षण देने का प्रबन्ध है। इसके अतिरिक्त विलिंगटन (दक्षिण भारत) में Defence Services Staff College भी अफसरों को प्रशिक्षण प्रदान करता है।

सेना में कमीशन प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्तियों को National Defence Academy, Khadakvasla (Poona) में दो से चार वर्ष तक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के उपरान्त योग्य उम्मीदवारों को कमीशन प्रदान किये जाते हैं।

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के तीन अंग हैं—

1. भारतीय स्थल सेना। (The Indian Army)।
2. भारतीय जल सेना (The Indian Navy)।
3. भारतीय वायु सेना (The Indian Air Force)।

भारतीय स्थल सेना (The Indian Army) का सदर मुकाम नई दिल्ली में है। Chief of the Army Staff, जिसे General की उपाधि से विभूषित किया जाता है, [illegible]

सेना का सर्वोच्च अधिकारी होता है।

भारतीय स्थल सेना में नीचे से ऊपर पद-क्रम इस प्रकार हैं :—

1. सैकिण्ड लैफ्टिनैन्ट 2 लैफ्टिनैन्ट 3 कैप्टेन 4. मेजर 5. लैफ्टिनन्ट कर्नल 6 कर्नल 7. ब्रिगेडियर 8 मेजर जनरल 9. लैफ्टिनैन्ट जनरल 10 जनरल।

भारतीय वायु सेना (Indian Air Force) का मुख्यालय भी नई दिल्ली में है। वायु सेना के सर्वोच्च अधिकारी को Chief of the Air Staff कहा जाता है।

भारतीय वायु सेना में नीचे से ऊपर निम्नलिखित Rank हैं :–
M/s Kirloskar Oil Engines Ltd, Satara

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामजाद उम्मीदवारों को छः माह के लिए स्थिर-मन्त्र प्रशिक्षण (Plant Training) दिया जाता है। दो रुपये मैनीस पैसे प्रतिदिन के हिसाब से stipend दिया जाता है। गृह-उद्योगों द्वारा मनोनीत प्रशिक्षार्थियों के लिये यह ट्रेनिंग 9 माह की है। उन्हें प्रदेश सरकार से stipend मिलता है। मैट्रिक पास उम्मीदवारों को एक वर्ष के प्रशिक्षण के लिये चुना जाता है। उन्हें 7·37 रु० प्रतिदिन stipend मिलता है।

मकैनिकल इंजीनियरिंग में स्नातकों और डिप्लोमा-होल्डर्स को एक वर्ष के प्रशिक्षण-काल में क्रमशः 250 रु० और 150 रु० मासिक दिये जाते हैं। विज्ञान में स्नातकों को 2½ वर्ष के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें 125 रु० से 150 रु० मासिक तक stipend दिया जाता है।

Khadi and Village Industries Commission, Bombay

बलरामपुर (बंगाल), पालघाट (केरल), चित्रगा (मैसूर), टी-कालूगति (बिहार), सेसबेला (मध्य प्रदेश), मधुबनी, पटना, रानीपत्त (बिहार), समालाना और राजपुरा (पंजाब), मेवापुरी (उ० प्र०), शिवदासपुर (राजस्थान), टीरूपुर और बीरापण्डी (मद्रास), अहमदाबाद (गुजरात) और नासिक (महाराष्ट्र) में स्थित खादी ग्रामोद्योग विद्यालय मैट्रिक पास व्यक्तियों को 1½ वर्ष के कोर्स के लिये चुनते हैं। प्रशिक्षण-काल को इस प्रकार बाँटा जाता है—

खादी ग्रामोद्योग प्रवेश	4 माह
के० जी० कार्य का	11 माह
फील्ड ट्रेनिंग	3 माह

प्रशिक्षार्थियों को 45 रुपये मासिक भत्ता (Allowance) दिया जाता है। छः माह का अल्पावधि कोर्स भी उपलब्ध है। इस कोर्स के प्रशिक्षार्थियों को 30 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

अम्बर प्रशिक्षण —20 अम्बर कार्यकर्ता विद्यालयों, सात मिस्त्री विद्यालयों और छः बुनाई विद्यालयों द्वारा 18 और 45 वर्ष के बीच मट्रिक पास व्यक्तियों को निम्नलिखित कोर्सों के लिये प्रवेश दिया जाता है—

कोर्स	अवधि	भत्ता (stipend)
अम्बर कार्यकर्त्ता	9 माह	45 रु० मासिक
अम्बर मिस्त्री कोर्स	6 ,,	75 रु० ,,
अम्बर वंकर कोर्स	3 ,,	75 रु० ,,
अम्बर कारीगर कोर्स	3 ,,	20 रु० ,,
अम्बर शिविर कोर्स	1 ,,	1 रु० 50 पैसे प्रतिदिन

नई दिल्ली, बेंगलौर और हैदराबाद के प्रशिक्षण-केन्द्रों में Salesmanship में छः माह के लिये प्रशिक्षण और Refresher Course में दो माह के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है। 65 रु० मासिक भत्ता दिया जाता है। बोरीवली (बम्बई) और मोंगुर (बिहार) में ग्रामसहायक के लिये 12 मास और ग्राम-कार्यकर्त्ता के लिये 2 माह के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

Regional Planning Institute, Sevagram, Wardha में स्नातक अध्यापकों को ग्राम सहायक प्रशिक्षार्थियों के शिक्षक-पद के लिये छः माह की ट्रेनिंग दी जाती है। तृतीय दर्जे का यात्रा-भत्ता और 45 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

मुजफ्फरनगर, मदुराई, अहमदाबाद, जयपुर, इलाहाबाद आदि के प्रशिक्षण-केन्द्रों में ग्राम तेल उद्योग के लिये एक वर्ष का इन्स्पैक्टर कोर्स, तीन माह का मिस्त्री कोर्स और एक माह का तेली का कोर्स उपलब्ध है। इन्स्पैक्टर, मिस्त्री और तेली के कोर्सों के प्रशिक्षार्थियों को क्रमश 50 रु०, 75 रुपए और 35 रु० मासिक भत्ता (stipend) दिया जाता है।

मंगलौर, पटना, कुनमकुलम, बलरामपुर, टी-कालूपत्ति, शिलाग, कल्यानस्कोवर, कटक, जालन्धर, अमरावती, जयपुर, सूरत, उज्जैन, कानपुर और धहानु में ताड के गुड के प्रशिक्षण-केन्द्र हैं।

महाबलेश्वर के प्रशिक्षण विद्यालय मे इण्टर साईंस पास प्रशिक्षणार्थियों को छः मास के लिये मधुमक्खी पालन उद्योग में Apiarist Course मे प्रवेश दिया जाता है। साठ रु० मासिक भत्ता दिया जाता है। Regional Training Institute, T. Kallupati (Madras) and Udipi (Mysore) में तीन माह का Advanced Course भी उपलब्ध है।

चमड़ा उद्योग—बोरिवली, रामनाड, नडियाद मे साधारण पढ़े-लिखे व्यक्तियों को Flaying आदि में प्रशिक्षण देने के लिये केन्द्र हैं। 45 रु० मासिक stipend दिया जाता है। बोरिवली, देवास, वर्धा, वाराणसी, जयपुर, नलगोन्डा, सागरपुर, गलुर, आदमपुर और मदुराई के प्रशिक्षण-केन्द्र मैट्रिक पास प्रशिक्षार्थियों को ग्राम प्रशिक्षण कोर्स में एक वर्ष का प्रशिक्षण देते हैं। उम्मीदवारों को 45 रु० मासिक वृत्ति (stipend) दी जाती है।

गृह तीली उद्योग—सुरेपुर (प० बंगाल) मे प्रशिक्षण-केन्द्र 4 माह के लिये प्रशिक्षण देता है। स्नातकों को 60 रु० मासिक

और मैट्रिक पास प्रशिक्षार्थियों को 40 रु० मासिक stipend के रूप में दिये जाते हैं।

ग्राम कुम्हारगीरी (Village Pottery)—बेलगाम, मेरट, चन्दा, कोजीकोड, सोरठ और सन्थाल परगना के प्रशिक्षण-केन्द्रों में यह कोर्स उपलब्ध है। प्रशिक्षणार्थियों को 45 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

Fibre Industry–जे० ऐम० ऐस० ग्रामोद्योग केन्द्र, धारवार में 6 माह का उच्च तथा 3 माह का प्रारम्भिक कोर्स उपलब्ध है। Stipend 40 रु० मासिक दिया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों के घरों और ग्रामों में 15 दिन से लेकर 2 माह के लिये Peripateric Course भी उपलब्ध है। स्त्री प्रशिक्षार्थियों को 15 से 20 रु० मासिक तथा पुरुष प्रशिक्षार्थियों को 30 से 40 रु० मासिक stipend मिलता है।

बुनाई कोर्स—बम्बई, मद्रास, वाराणसी, कलकत्ता में 4 माह का बुनाई कोर्स मिल सकता है। 60 से 75 रु० मासिक तक stipend दिया जाता है। तृतीय दर्जे रेल का आने-जाने का किराया भी दिया जाता है।

कागज की मिलें—टीटागढ़ पेपर मिल्ज में व्यावसायिक Apprentices, Supervisors और Graduate Engineers के लिये पाँच वर्ष की Apprenticeship उपलब्ध है। कागज बनाने के लिये भी अप्रेण्टिसिज लगाये जाते हैं।

जूट उद्योग—जूट मिलों में निरीक्षकों के पद के लिये प्रशिक्षण देने के वास्ते इन्स्टीट्यूट ऑफ जूट टैक्नॉलॉजी में 4 वर्ष का Appren ticeship का कोर्स उपलब्ध है। मासिक stipend भी दिया जाता है।

M/s Larsen and Toubro Ltd. Bombay

Mechanical और Electrical Engineering में स्नातकों को तीन वर्ष के लिए अप्रेण्टिसशिप के लिए चुना जाता है। अप्रेण्टिसशिप के दौरान उन्हे 500–50–650 रु० मासिक के ग्रेड मे stipend दिया जाता है। तीन वर्ष के पश्चात् उन्हे कम्पनी के आफिसर्ज केडर मे नियुक्त किया जाता है।

लोकोमोटिव इन्जीनियरिंग
(Locomotive Engineering)

ब्रश ए० बी० आ० ई० टैक्निकल ट्रेनिंग—ब्रश, ए० बी० ओ० ई० लोंगबरो, लकस्टरशायर, इगलैंड राष्ट्रमण्डल (Common-wealth) के इन्जीनियरिंग स्नातकों को उत्पादन के ढंगों तथा उत्पादित वस्तुओं के अध्ययन में दो वर्ष के प्रशिक्षण के लिये आमन्त्रित करता है। आने-जाने का मार्ग-व्यय, अन्य यात्रा-व्यय तथा प्रशिक्षण के दौरान पारिश्रमिक प्रदान किया किया जाता है।

सैण्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ट्रफनगड़ बिल्डिंग, मेयरिंग क्रॉस, लन्दन, ऐस० डब्ल्यू० ए० इंजीनियरिंग में स्नातकों के लिए

6 मास 2 वर्ष का प्रशिक्षण देता है। प्रार्थनापत्र मैनेजर के नाम इस पते पर भेजे जाने चाहियें—

चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, बंगाल।

इंगलैण्ड ब्रिटिश लोकोमोटिव मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ ग्रेट ब्रिटेन द्वारा उन मकैनिकल इंजीनियरों के लिये, जिन्हें रेलवे में दो से तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त है, एक से डेढ़ वर्ष के लिए इंगलैंड में प्रशिक्षण का प्रबन्ध किया जाता है।

दामोदर वैली कॉरपोरेशन, एन्डरसन हाउस, अलीपुर, कलकत्ता—27 में इंजीनियर स्नातकों के लिए प्रशिक्षण की योजना है। रिजनल आफिस, मिनिस्ट्री ऑफ ऐजुकेशन, जी० ओ० आई० 5, एस्प्लेनेड स्ट्रीट, कलकत्ता को प्रार्थनापत्र भेजे जाने चाहिएँ।

फिल्म डिवीजन, भारत सरकार में उन फ़िजिक्स स्नातकों, जिनके पास सिनेमैटोग्राफी का डिप्लोमा हो, के लिये प्रशिक्षण की योजना है। प्रार्थनापत्र इस पते पर भेजे जाने चाहियें।

चीफ प्रोड्यूसर, फिल्म्स डिवीजन। जी० ओ० आई०, 24 पेडार रोड, बम्बई—6।

इंडियन केबल कम्पनी, टाटानगर में इंजीनियरिंग और कैमिस्ट्री में स्नातकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्क्स मैनेजर को प्रार्थनापत्र भेजे जाने चाहियें।

इण्टरनैशनल लेबर आफिस में फैक्टरी में काय करने वालों के लिए टैक्निकल असिस्टेन्स प्रोजेक्ट है। मुख्य सलाहकार, श्रम मन्त्रालय, भारत सरकार के पास नाम पंजीकृत कराये जाने चाहियें।

मेट्रोपोलिटन विकर्स इलेक्ट्रिक कम्पनी, इंगलैंड, इंजीनियरिंग में आनर्स डिग्री प्राप्त स्नातकों को दो वर्ष का प्रशिक्षण प्रदान करती है।

नेवेली लिगनाइट कारपोरेशन' पालिटैक्नीक डिप्लोमा व इण्डस्ट्रियल स्कूल सर्टीफिकेटप्राप्त प्रार्थियों को माध्यमिक स्तर पर निरीक्षकों और शिल्पकारों की जगह के लिये एक वर्ष का प्रशिक्षण देता है। प्रतिवर्ष जुलाई/अगस्त में प्रशिक्षण नेवेली, साउथ आरकाट, मद्रास मे आरम्भ होता है। प्रशिक्षण-काल मे शिल्पकारों को 2·62 रु० प्रतिदिन तथा निरीक्षकों को 75 रु० मासिक वृत्ति दी जाती है।

स्पेशल ग्रेड अप्रेन्टिसिज़—इन्जीनियरिंग डिग्री कोर्स के अन्तिम वर्ष के विद्यार्थियों को छ माह के प्रशिक्षण के लिए चुना जाता है। प्रशिक्षण प्रतिवर्ष मई मे आरम्भ होता है। प्रशिक्षण-काल में उन्हें 200 रु० मासिक व महँगाई भत्ता दिया जाता है। प्रशिक्षण के पश्चात् उन्हे सैक्शन आफिसर नियुक्त किया जाता है।

मकैनिकल और आटो इन्जीनियरिंग में डिप्लोमा होल्डर्स को ड्रिलर के एक वर्ष के प्रशिक्षण-काल मे 124 रु० मासिक दिया जाता है।

आयल एण्ड नैचुरलगैस कमीशन, ड्रिलिंग असिस्टेन्ट्स के लिये एक वर्ष का प्रशिक्षण देता है। 150 रु० मासिक वृत्ति प्रदान की जाती है। टैक्निकल ट्रेनिंग इस्टीट्यूट, कैम्बे में एक वर्ष के लिए टैक्निशियन्स ट्रेनिंग (आरम्भिक पाठ्यक्रम) दी जाती है।

Non-edible Oils and Soap Industry
(अभक्ष्य तेल और साबुन उद्योग)

अहमदनगर, थाना, अमरावती, भीलवाड़ा, मिदनापुर, बोलरम और मदुराई में जिन कोर्सों में प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके केन्द्र हैं :—

कोर्स	अवधि	भत्ता (stipend)
1. Chemist course (बी०एस-सी० केमिस्ट्री) डिग्री प्राप्त प्रशिक्षार्थियों के लिए)	6 माह	65 रु० मासिक
2. मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा पास के लिए अप्रेन्टिस कोर्स	3 माह	45 रु० मासिक
3. स्कूलों के नामजद अध्यापकों के लिए कोर्स	1 माह	45 रु०

National Coal Development Corporation, Ltd.

(1) करयाली, गिरीदीह, कुरसिया, तालचर और भुकुण्डा के Mining Training School में विज्ञान और हिसाब के साथ मैट्रिक पास प्रशिक्षार्थियों को 2½ वर्ष के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षार्थियों की आयु 17 से 22 वर्ष तक हो सकती है। शिल्पकार (Craftsman) का सर्टीफिकेट प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के पहले 1½ वर्ष 45 रु० मासिक और अन्तिम वर्ष 60 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

(ii) हिसाब और विज्ञान के साथ मैट्रिक पास उम्मीदवारों को 3½ वर्ष के लिए Mine Overman और Mine Surveyor के प्रशिक्षण के लिए चुना जाता है। प्रशिक्षार्थियों की आयु 18 से 22 वर्ष तक होनी चाहिए। प्रशिक्षण के प्रथम दो वर्ष में 45 रुपये मासिक और शेष अवधि में 63 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

Assistant Surveyor के दो वर्ष प्रशिक्षण के लिए हिसाब और विज्ञान सहित मैट्रिक पास व्यक्तियों को चुना जाता है। उम्मीदवारो की आयु 16 से 18 वर्ष हो सकती है। प्रशिक्षार्थियों को 45 रुपये मासिक stipend दिया जाता है।

(iv) Electrical/Mechanical Engg. मे डिप्लोमा-होल्डर्स को $1\frac{1}{2}$ वर्ष के लिए Supervisory Personnel के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रथम छः महीनो मे 75 रु० मासिक और शेष समय मे 100 मासिक stipend दिया जाता है।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण योजना
(National Training Scheme)

प्रशिक्षण सचालकालय, प्रशिक्षण एव सेवायोजन सचालकालय, श्रम मन्त्रालय के अन्तर्गत शिल्प-शिक्षकों के लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण सस्थानों के नाम से कलकत्ता, कानपुर, मद्रास, लुधियाना, हैदराबाद, बम्बई में प्रशिक्षण-केन्द्र स्थापित किये गये हैं। नई दिल्ली में शिल्प शिक्षिकाओं के लिए एक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्था स्थापित की गई है।

प्रशिक्षण की अवधि 9 मास है।

व्यापारिक धन्धों में प्रशिक्षण के लिये राष्ट्रीय परिषद् राष्ट्रीय धन्धा प्रमाणपत्र प्रदान करती है ताकि सारे देश मे समान-स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध हो सके।

प्रवेश के लिये योग्यता—मिडिल पास। ड्राफ्ट्समैन (सिविल और मकैनिकल), सर्वेयर मकैनिक (इन्स्ट्रूमेण्ट, रेडियो, रेफिजरेटर), इलेक्ट्रीशियन, टूलमेकर, वायरलेस ऑपरेटर और डाईफिटर के कोर्सों के लिए 16 से 25 वर्ष की आयु वाले मैट्रिक पास विद्यार्थियों को पूर्वाधिकार दिया जावेगा।

फीस—औद्योगिक प्रशिक्षण-संस्था में प्रशिक्षण के लिए फीस नहीं ली जाती। वर्दी, औजार, लेखन-सामग्री तथा डाक्टरी सहायता भी मुफ्त प्रदान की जाती है। प्रशिक्षणार्थियों के एक-तिहाई भाग को 25 रु० मासिक वृत्ति दी जाती है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को 40 रु० मासिक वृत्ति दी जाती है और उद्योगों तथा कारखानों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

तीन वर्ष का अनुभव प्राप्त नौकरीशुदा श्रमिक 2 रु० मासिक फीस पर संध्याकालीन कक्षाओं में प्रवेश के योग्य हैं।

प्रशिक्षण इंजीनियरिंग और इंजीनियरिंगेतर व्यवसायों में दिया जाता है। इंजीनियरिंग व्यवसायों के लिए प्रत्येक 9 माह पश्चात् और इंजीनियरिंगेतर व्यवसायों के लिये प्रतिवर्ष भर्ती की जाती है।

Silk Board, Bombay

Sericulture Training Institute Titasar (Assam) में 2-वर्षीय डिप्लोमा कोर्स और एक-वर्षीय सर्टीफिकेट कोर्स उपलब्ध है। प्रशिक्षार्थियों को 40 रु० मासिक वृत्ति दी जाती है।

Sericulture Training Institute Srinagar में एक वर्ष का सर्टीफिकेट कोर्स उपलब्ध है। प्रशिक्षण पहली दिसम्बर को आरम्भ होता है। प्रशिक्षार्थियों को 50 रु० मासिक वृत्ति दी जाती है।

Sericulture Training Institute Channapatna में भी उपर्युक्त कोर्स उपलब्ध है। स्नातकों को चालीस रुपये मासिक और अन्य प्रशिक्षणार्थियों को पच्चीस रुपये मासिक stipend दिया जाता है।

Sericulture Training Institute, Berhampore द्वारा एक वर्ष के सीनियर कोर्स, एक वर्ष के जूनियर कोर्स तथा छः मास के ग्रेनवर्स (Grainvars) कोर्स के लिए नवम्बर में सिसन आरम्भ होता है। Stipend देने की व्यवस्था नहीं है।

All India Sericultury Training Institute, Mysore द्वारा स्नातकों को एक वर्ष के उच्च कोर्स के लिए तथा अन्य व्यक्तियों को एक वर्ष के निम्न कोर्स के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण अक्तूबर में आरम्भ होता है। Stipend की व्यवस्था नहीं है। जो उम्मीदवार मनोनीत नहीं होते, उनसे दो सौ रुपये वार्षिक शुल्क लिया जाता है।

टाटा लोकोमोटिव एण्ड इन्जीनियरिंग कम्पनी, टाटा नगर, बिहार

टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी 24 वर्ष से कम इन्जीनियरिंग और मैटलर्जी में स्नातकों को जमशेदपुर टैक्निकल इन्स्टीट्यूट, जमशेदपुर में प्रशिक्षण देती है।

ट्रैक्टर ट्रेनिंग कोर्स – हैरी फरगुसन आफ इण्डिया लिमिटेड में 8 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाता है।

फारेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट, देहरादून में 3 से 6 माह तक विज्ञान, कैमिस्ट्री तथा इंजीनियरिंग में स्नातकों को टैक्निकल अप्रेन्टिस का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इंगलैंड में आटोमैटिक टेलीफोन का प्रशिक्षण—इंगलैंड में पाँच बड़े टेलीफोन-निर्माता इंजीनियरिंग में स्नातकों को एक वर्ष का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। प्रार्थनापत्र इस पते पर भेजें :—

ऐजमपोर्ट मैनेजर, आटोमैटिक टेलीफोन एण्ड इलेक्ट्रिक कम्पनी लिमिटेड, नोरफोक हाउस, लन्दन, डब्ल्यू०सी० 2.

M/s Voltas Ltd.. Bombay

इंजीनियरिंग में डिग्री और डिप्लोमा होल्डर्स को एक वर्ष के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इन्हें क्रमशः 150 रु० और 100 रु० मासिक stipend दिया जाता है। हिन्दुस्तान स्टील लि० द्वारा नामजद उम्मीदवारों को 70 रु० मासिक दिया जाता है।

इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा होल्डर्स को एयर-कण्डीशनिंग, रेफ्रिजरेशन, कृषि, निर्माण-साज-सामान आदि में 3 वर्ष के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। Stipend 200-25-250 रु० मासिक ग्रेड में दिया जाता है।

मकैनिक्स (Mechanics) और सर्विसमैन (Serviceman) के लिए 3 वर्ष की Apprenticeship Training उपलब्ध है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष में क्रमशः 1.50, 2.00 और 2.50 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से stipend दिया जाता है।

गव० पालिटेकनिक कालेज पूना और आई०आई०टी० पूना के विद्यार्थियों को 1-50 रुपए प्रतिदिन stipend के हिसाब से 6 मास शिल्पकार (Craftsman का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

कम्पनी में राष्ट्रीय डिप्लोमा होल्डर्स को 75 रु० मासिक stipend के साथ एक वर्ष का अप्रेण्टिसशिप में प्रशिक्षण उपलब्ध है।

रुड़की विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर (Post-graduate) विद्यार्थियों के लिये 1 वर्ष का अप्रेण्टिसशिप में प्रशिक्षण उपलब्ध है। Stipend कुछ नहीं।

अन्य प्रशिक्षण (Other Trainings)

कृषि विभाग, मैसूर—विश्वेश्वरैया कनाल फार्म, माण्ड्या, मैसूर में कृषि-प्रसार कार्य के अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं विकास-योजना के लिए कृषि-शिक्षा में छः मास का प्रशिक्षण दिया जाता है।

आर्डनेन्स फैक्टरीज में 25 वर्ष से कम प्रशिक्षार्थियों को लोक सेवा आयोग संघ के द्वारा सहायक कार्य-प्रबन्धक का प्रशिक्षण दिया जाता है। सम्भाण्ड निर्माण, फैक्टरी प्रबन्ध, प्रशासन तथा श्रम-नियन्त्रण में तीन वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इण्डियन आक्सीजन और एसीटिलीन कम्पनी लि० में 25 वर्ष से कम आयु के विज्ञान-स्नातकों तथा इन्जीनियरिंग में डिग्री अथवा डिप्लोमा होल्डर्स के लिये बिक्री प्रशिक्षण में भर्ती-योजना है।

Tractors (India) Limited, Calcutta

ट्रैक्टर एप्रेन्टिसिज—इस कोर्स की अवधि 3 से 5 वर्ष तक है। यह जुलाई से आरम्भ होता है। Stipend 70-15-100 रु० मासिक के ग्रेड में दिया जाता है।

Technical Training Activities in Defence Research Laboratories

इंजीनियरिंग में M.Sc., Ph.D., D.Sc. आदि डिग्री के लिए कानपुर और दिल्ली की प्रयोगशालाओं में शोधकार्य (Research) के लिए सुविधाएँ उपलब्ध हैं। Senior Fellows, Junior Fellows और Parttime Research Students को क्रमशः 400 रु०, 250 रु० और 100 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

अस्त्र-शस्त्र कारखानों में प्रशिक्षण—(i) इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होल्डर्स को $2\frac{1}{2}$ से 4 वर्ष तक प्रशिक्षण दिया जाता है। 60 रु० से 90 रु० मासिक तक stipend दिया जाता है। प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें Chargeman/Supervisors के पद पर 150-380 रु० के ग्रेड में नियुक्त कर दिया जाता है।

(ii) 15 से 17 वर्ष तक मैट्रिक पास प्रशिक्षणार्थियों को Skilled Craftsman और Boy Artisan के कोर्सों में दो वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है।

(iii) 25 वर्ष से कम पढ़े-लिखे व्यक्तियों को Semi-Skilled Workmen के कोर्स के लिए 12 से 18 माह तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें 30 रु० मासिक stipend दिया जाता है।

(iv) हिसाब के साथ मैट्रिक और ड्राइंग के साथ इण्टर पास उम्मीदवारों को तीन वर्ष के लिए Draughtsmen का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अतिरिक्त Senior Draughtsmen के लिए दो वर्ष का और प्रशिक्षण दिया जाता है। 60 रु० से 80 रु० मासिक तक stipend दिया जाता है।

(v) मकैनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा होल्डर मैट्रिक पास उम्मीदवार जिन्हें दो से तीन वर्ष का वर्कशाप का प्रशिक्षण प्राप्त है, Rate Fixer/Planner के प्रशिक्षण के लिये चुने जाते हैं। 70 रु० से 85 रु० मासिक तक stipend दिया जाता है।

Hindustan Aircraft Ltd.—16 से 18 वर्ष तक के हिसाब सहित मैट्रिक पास उम्मीदवारों को Trade Apprentice... रूप में 3 वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाता है। निःशुल्क ... के अतिरिक्त 23 रु० मासिक stipend ... तीन माह का व्यवसाय प्रशिक्षण कोर्स भी

Training for Tractor Operators—Tractor Training and Testing Station, Bundi (M.P) द्वारा दस और छ. माह की अवधि के दो कोर्सों के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है।

भारत और विदेशों में टैक्निकल प्रशिक्षण की सुविधाएँ

(Technical Trainees Scheme)

सेण्ट्रल रेलवे सर्विस कमीशन फिजिक्स, कैमिस्ट्री और हिसाब के साथ मैट्रिक पास शिक्षार्थियो, जिनकी आयु 16 और 19 वर्ष के बीच है, को पाँच वर्ष के लिए शिक्षार्थी मकैनिको के लिए; 16 और 20 वर्ष के बीच शिक्षार्थियो को दो वर्ष के लिए शिक्षार्थी फायरमैन के लिए और 17 से 19 वर्ष की आयु वाले शिक्षार्थियों को शिक्षार्थी सहायक गाड़ी जाँच अधिकारियो के लिए प्रशिक्षण देता है।

ई० ऐम० ई० वर्कशाप, काकीनाड, देहली कैंण्ट, जबलपुर, इलाहाबाद, किरकी और बेंगलोर मे 15 से 17 वर्ष की आयु वाले मैट्रिक पास विद्यार्थियो को एक प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा चार वर्ष के लिए इलैक्ट्रिकल और मकैनिकल इंजीनियरिंग के लिए सिविलियन शिक्षार्थी चुनती है।

इंडियन पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ्स, जिला टेलीफोन अधिकारियों के द्वारा 18 से 23 वर्ष की आयु वाले शिक्षार्थी भर्ती करता है।

मैसूर आयरन एण्ड स्टील वर्क्स, भद्रावती, मकैनिकल इंजीनियरिंग में दो वर्ष के सर्टीफिकेट कोर्स के लिए शिक्षार्थी चुनता है। प्रशिक्षण सिल्वर जुबली टैक्निकल स्कूल, भद्रावती मे दिया जाता है।

सदर्न रेलवे तथा अन्य रेलवे, रेलवे सेवा के लिए तीन वर्ष का लेबोरेटरी असिस्टेण्ट का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

स्टेट ट्रेनिंग वर्कशाप, डापोडी, वर्कशाप अप्रेण्टिसशिप में दो वर्ष का सर्टीफिकेट कोर्स प्रदान करती है।

टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड 15 से 18 वर्ष के शिक्षार्थियों को दो वर्ष के लिए टैक्निकल इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर में व्यापारिक शिक्षार्थियों के रूप में प्रशिक्षण देती है। परिरक्षण भत्ता (Maintenance Allowance) दिया जाता है।

वी० जे० टैक्निकल इंस्टीट्यूट, बम्बई, दो वर्ष के लिए इंजीनियरिंग अप्रेण्टिसशिप का प्रशिक्षण प्रदान करता है।

शिक्षार्थी प्रशिक्षण योजना

इंडियन ब्यूरो आफ माइन्स निम्नलिखित प्रशिक्षण प्रदान करता है—

1. **इन-प्लांट ट्रेनिंग स्कीम इन ड्रिलिंग**– यह एक वर्ष का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षार्थियों को तीन से चार रुपये रोजाना तक दिये जाते हैं।

2. **इन-प्लांट ट्रेनिंग स्कीम फार वोकेशनल ट्रेड्स इन वर्कशाप**—इण्डियन ब्यूरो आफ माइन्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर की वर्कशाप में दो से तीन माह तक प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षार्थियों को प्रत्येक कार्यशील दिन के लिए डेढ़ से दो रुपये प्रदान किये जाते हैं।

3. **आफिसर्ज अप्रेण्टिस ट्रेनिंग स्कीम**—यह दो वर्ष की प्रशिक्षण की योजना है।

4. **पोस्ट-ग्रेजुएट स्टाईपेण्डरी ट्रेनिंग स्कीम**—प्रशिक्षण की अवधि तीन माह है। 80 रुपये प्रतिमास भत्ता दिया जाता है।

5. **सीनियर-स्टाईपेण्डरी ट्रेनिंग स्कीम**—प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष है। भत्ता 150 रुपये मासिक है।

अप्रेण्टिसशिप (विज्ञान में इण्टर पास विद्यार्थियों के लिए)

अप्रेन्टिस कोर्स	संस्था का नाम	अवधि	वृत्ति
असिस्टेण्ट सिगनल इन्सपैक्टरशिप (रेलवे)	आफिस आफ चीफ सिगनल और टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियर, एन० आई० रेलवे, गोरखपुर	4 वर्ष	100-110 रु० मासिक और 50 रु० मासिक भत्ता।
ब्लास्ट फरनेस आपरेशन	इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (बर्नपुर वर्क्स व कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40- 50 -60 -70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।
फायसर इंजीनियरिंग	इडियन आयरन एण्ड स्टील क० लि० (बर्नपुर वर्क्स कुल्टी वर्क्स)	4 वर्ष	40 -50 -60 -70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।
बायलर हाउस आपरेशन (कोक ओवन आपरेशन में प्रशिक्षण)	"	4 वर्ष	40- 50- 60 -70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।

ल इंजीनियरिंग	इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (बर्नपुर वर्क्स व कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।
झाई निंग	"	4 वर्ष	"
इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	"	4 वर्ष	"
	इंडियन स्टैण्डर्ड वैगन कं० लि० बर्नपुर, बर्दवान	5 वर्ष	आरम्भ में 1·25 रु० प्रतिदिन और महँगाई भत्ता मासिक।
	सोन वैली पोर्टलैंड सीमेंट फैक्टरी, जापला	3 वर्ष	80-100 रु० मासिक।
इलैक्ट्रिकल और मकैनिकल इंजीनियरिंग	जनरल इलैक्ट्रिकल कं० आफ इंडिया (मैनु० क०) लि०, पहाड़पुर वर्क्स, कलकत्ता-24	4 वर्ष	40-50 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।

इलैक्ट्रिकल और मकेनिकल इंजीनियरिंग	इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (बर्नपुर वर्क्स और कुलटी वर्क्स) [लेबोरेटरी टेस्टिंग और अनेलिसिज]	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महंगाई भत्ता।
फ्यूल टैक्नालोजी	इण्डियन आयरन एण्ड स्टील वर्क्स (बर्नपुर वर्क्स और कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महंगाई भत्ता।
जूट टैक्नालोजी	बिरला जूट मैनुफैक्चरिंग क० लि० बिरलापुर, 24 परगना	3 वर्ष	,,
	सोन वैली पोर्टलैंड सीमेंट फैक्टरी, जापला	3 वर्ष	80-100 रु० मासिक।
मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग	इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (बर्नपुर वर्क्स व कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महंगाई भत्त।

प्रेन्टिस कोर्स	संस्था का नाम	अवधि	वृत्ति
मकैनिकल ड्राइंग	डया आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (कुलटी वर्क्स व बर्नपुर वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।
मकैनिकल इन्जीनियरिंग	गन कैरेज फैक्टरी, जबलपुर; राइफल फैक्टरी, ईशापुर; गनशैल फैक्टरी, कोसीपुर; कौरडाइट फैक्टरी, अरुवंकडु; हाई ऐक्सप्लोसिव्स और अम्युनीशन फैक्टरीज, किर्की (डायरेक्टोरेट जनरल आफ आर्डनेन्स फैक्टरीज के अन्तर्गत)	4 वर्ष (स्नातकों व डिप्लोमा होल्डर्स के लिए 2 वर्ष)	60-80 रु० मासिक और महँगाई भत्ता (स्नातकों और डिप्लोमा होल्डर्स के लिए 80-85-90 की तालिका में आरम्भ में 80 रु० मासिक और भत्ता।
	सोन वैली पोर्टलैंड सीमेंट फैक्टरी, लि० जापला	3 वर्ष	80-100 रु० मासिक।
	इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि० (बर्नपुर वर्क्स और कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।

मर्केनिकल इंजीनियरिंग	रेमिंग्टन रैन्ड आफ इण्डिया लि०, कलकत्ता	6 माह से 4 वर्ष	45 रु० मासिक।
माइन सर्वेयिंग	न्यू मैनभूम कोल क० लि०, गैसलिटन कोलियरी, डाकघर सिजुआ, जिला धनबाद	5 वर्ष	निश्चित नहीं।
माइनिंग (ओवरमैन, माइनिंग सरदार और प्रथम व द्वितीय श्रेणी के माइन मैनेजर)	मनोरा कोलियरी (मैकमिल एण्ड बैरी म०, चरनपुर, बर्दवान)	4 वर्ष	70 रु० मासिक।
	धेमो मेन कोलियरी, सीतारामपुर, बर्दवान	4 वर्ष	70 रु० मासिक।
	मिठानी कोलियरी, मिठानी, बर्दवान	4 वर्ष	,,
	भटगुरिया कोलियरी, डाकघर भागा, जिला धनबाद	4 वर्ष	,,

कोर्स	संस्था का नाम	अवधि	वृत्ति
	भावरा कोकरी कोलियरी लि०, डाकघर भावरा, भाया, मैनभुम	5 वर्ष	35 से 70 रु० मासिक।
माइनिंग इंजीनियरिंग	न्यू मैनभुम कोल कं० लि०, गैसलिटन कोलियरी, डाकघर सिजुवा, जिला धनवाद	3 से 5 वर्ष	निश्चित नहीं।
पैटर्न मेकिंग	इंडियन आयरन एण्ड स्टील कं० लि०, (वर्नपुर वर्क्स और कुलटी वर्क्स)	4 वर्ष	40-50-60-70 रु० मासिक और महँगाई भत्ता।
प्लमिंग इंजीनियरिंग	गन कैरेज फैक्टरी, जबलपुर ; राइफल फैक्टरी, ईशापुर; गनशैल फक्टरी, कोसीपुर; कारडाइट फैक्टरी अरुवंकड्ड; हाई एक्सप्लोसिन्स एण्ड अम्यूनीशन	4 वर्ष	वेतन तालिका 80-85-90 रु० में 80 रु० मासिक।

	फैक्टरीज, त्रिर्वी (डाइरेक्टोरेट जनरल आफ आर्डनेन्स फैक्टरीज कलकत्ता के अन्तर्गत)		
[illegible]	मैकिनटोश बर्न लि०, 8 नेताजी सुभाष रोड (वर्कशाप 6/1 देही सिरामपुर लेन, बालीगंज) कलकत्ता	4 वर्ष	एक वर्ष पश्चात् 30 रु० मासिक।

अध्याय ५

कुछ प्रमुख व्यवसाय

हमने पिछले अध्यायों में विभिन्न नौकरियों और सूचना-केन्द्रों का उल्लेख किया है। किन्तु इस सबका यह तात्पर्य नहीं कि व्यक्ति केवल कोई एक विशेष परीक्षा पास कर लेने के वाद भी नौकरी की तलाश करनी शुरू करे। सच तो यह है कि व्यक्ति को यथासम्भव प्रारम्भ से ही कोई-न-कोई व्यवसाय चुन लेना चाहिये, ताकि आगे चलकर कोई कठिनाई न हो। शुरू में व्यवसाय चुन लेने से व्यक्ति का लक्ष्य निश्चित हो जाता है और वह अपनी क्षमताओं का समुचित विकास कर पाता है। किन्तु यदि हम अपना व्यवसाय निश्चित न कर सम्पूर्ण शिक्षा-काल में अँधेरे में भटकते रहे तो हमें फिर शिक्षा समाप्त करने के वाद भी नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ेंगी। अनिश्चित व्यक्ति को कभी सफलता प्राप्त नहीं होती। सफलता प्राप्त करने के लिये अपना लक्ष्य एवं उद्देश्य निश्चित कर लेना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से आगामी पृष्ठों में कुछ ऐसे व्यवसायों का परिचय दिया जायेगा जिनका आज तेजी से विकास हो रहा है।

अधिकारी—भारत की 70 प्रतिशत जनता खेती

पर निर्भर है। देश की वर्तमान खाद्य समस्या को देखते हुए यह आवश्यक है कि खेती-बाड़ी के तरीकों में क्रान्तिकारी सुधार किया जाय ताकि हम अपनी उपज को बढ़ाकर भुखमरी को दूर करने में सफल हो सकें। भारत-भर में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा कृषि-विभाग खोले गए हैं ताकि किसानों को खेती-बाड़ी के नये-नये तरीकों का आसानी से पता चलता रहे। इन विभागों का काम देखने के लिए जिला कृषि-अधिकारी, कृषि-सहायक एवं कृषि-निरीक्षक होते हैं। गांवों में विकास का कार्य भली-भाँति चलाने के लिए राष्ट्रीय विस्तार सेवा की स्थापना भी की गई है। कृषि विकास अधिकारी का काम भूमि का प्रबन्ध करना, वैज्ञानिक ढंग के जुताई करने के आसान तरीके किसानों को समझाना, फसलों और पैदावार की विभिन्न समस्याओं का अध्ययन करना तथा खेतों में फैलने वाले विभिन्न रोगों की रोक-थाम का प्रबन्ध करते हुए भारतीय कृषि व्यवस्था का विकास करना है। चूँकि कृषि-अधिकारियों को रात-दिन गाँव वालों से काम पड़ता है, अतः आवश्यक है कि कृषि-अधिकारी का काम वही व्यक्ति चुने जिसमें सफेदपोश बाबुओं वाली फूँ-फाँ न हो।

कृषि-अधिकारी बनने के लिए मैट्रिक पास करने के बाद किसी भी कालेज में डिग्री पाठ्यक्रम का अध्ययन करना आवश्यक है। बी०एस०सी० (कृषि) कर लेने के बाद कृषि-स्नातकों को राज्यों के कृषि-विभागों, राष्ट्रीय विस्तार सेवा, विकास-खण्डों, निरीक्षण निदेशालयों, बीज सवृद्धि फार्मों, फल और सब्जी के फार्मों, कृषि अनुसंधान केन्द्रों तथा कृषि कालिजों में आसानी से नौकरियाँ मिल सकती हैं। किसानों को कृषि के नवीनतम तरीकों से परिचित कराने के लिए देश-भर में अब तक छः लाख फार्म खोले गए हैं। इन फार्मों के साथ कृषि-स्नातकों की माँग भी बढ़ती जा रही है।

हार्टीकल्चरिस्ट—फूल-पौधों का विज्ञान बड़ा पुराना है। हार्टीकल्चरिस्ट इसी शाखा का वैज्ञानिक है। वह बगीचों, पार्कों, बागों, नर्सरी पौधों, सब्जियों, फलों तथा चाय के बागानों की देख-भाल करता है। लैबरेटरीज़ के नए-नए बीजों की परीक्षा तथा फसलों को लगने वाले रोगों की खोज-बीन और रोक-थाम भी हार्टीकल्चरिस्ट का काम है। वह सब्जियों, फलों, फूलों तथा अन्य प्रकार के पौधों से सम्बन्धित समस्याओं की खोज-बीन करता है तथा उत्पादन में सुधार करने का प्रयत्न करता है। हार्टीकल्चरिस्ट बनने के लिए मैट्रिक पास करने के बाद चार साल का कृषि-विज्ञान कोर्स करना चाहिए। आज भारत के अधिकांश विश्वविद्यालय कृषि-विज्ञान में बी०एस०सी० की डिग्री देते हैं। इस डिग्री को प्राप्त कर लेने के बाद व्यक्ति कृषि-विभाग में उद्यान निरीक्षक, सामुदायिक विकास योजनाओं के अन्तर्गत विस्तार अफसर, सरकारी निर्माण-विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग, नगर आयोजना विभाग में कंसल्टेंट आफिसर, मार्केटिंग इन्स्पेक्टर, नर्सरियों का ओवरसियर, बागों का अधीक्षक, सार्वजनिक एवं निजी खेतों, उद्यानों, भूखण्डों का प्रबन्धक, अध्यापक, अनुसंधानकर्त्ता, खाद्य प्रक्रिया वैज्ञानिक, अथवा फल-फूल-व्यवसायी बन सकता है। एक बार कोर्स कर लेने के बाद किसानों के लड़के अपनी जमीन में ही नर्सरियाँ, फुलवाड़ियाँ एवं खेत लगा सकते

इस विषय में अधिक सूचना निम्नलिखित केन्द्रों से मिल सकती है—

(1) प्रशिक्षण की सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना के लिए किसी कृषि कालेज के प्रिंसिपल अथवा अपने राज्य के विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार से। (2) रोजगार तथा कार-बार से सम्बन्धित संभावनाओं के विषय में सूचना के लिए राज्य कृषि-

निदेशक से। (3) छोटे पैमाने पर फल एवं शाक परिरक्षण उद्योग की स्थापना के सम्बन्ध मे सूचना तथा सहायता के लिए रीजनल स्माल स्केल इंडस्ट्रीज इस्टीच्यूट अथवा अपने राज्य के विस्तार केन्द्रों से। (4) फल परिरक्षण तकनीको के विषय मे सूचना तथा साहित्य के लिए केन्द्रीय खाद्य औद्योगिक संस्थान (सेन्ट्रल फूड टेक्नोलाजिकल इन्स्टीच्यूट)। (5) अनुसधान अधिवृत्ति (फैलोशिप) के विषय मे अधिक सूचना प्राप्त करने के लिए भारतीय कृषि अनुसधान परिषद्, क्वीन विक्टोरिया रोड, नई दिल्ली से।

रेडियोग्राफर—मानव-शरीर की बीमारियों को भली-भाँति जानने के लिए ऐक्स-रे किरणों का प्रयोग किया जाता है। जब ये किरणें शरीर के किसी भाग से गुजरती हैं तो हड्डियों और शरीर के भीतरी अगों का चित्र एक फोटो-प्लेट पर पडता है। इस चित्र को रेडियोग्राफ कहते हैं। जो व्यक्ति यह चित्र लेता है वह रेडियोग्राफर कहलाता है। रेडियोग्राफर बनने के लिए ऐक्स-रे फोटोग्राफी का कोर्स पूरा करना पड़ता है।

इस कोर्स में प्रवेश पाने के लिए मैट्रिक इन्टर (विज्ञान) और फोटोग्राफी मे रुचि होना आवश्यक है। यह प्रशिक्षण एक वर्ष तक चलता है। इस प्रशिक्षण को भली-भाँति प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा हो, उसकी
बाँहें ठीक हो और वह अपना ध्यान एक जगह केन्द्रित क
हो। वास्तव में रेडियो-चिकित्सा बड़ा कठिन का
जरा-सी भी असावधानी हो जाए तो रोगी की जा
जाती है। यह सर्टीफिकेट कोर्स कई बड़े-बड़े अ
जाता है। अक्सर उम्मीदवारों का चुनाव क
विज्ञापन दिया जाता है तथा इन्टरव्यू द्
संस्था मे प्रशिक्षण का खर्च अल

महत्व का अनुमान केवल इसी बात पर लगाया जाता है कि सर्टीफिकेट कोर्स करने के बाद प्रत्येक रेडियोग्राफर को एकदम किसी अस्पताल में नौकरी मिल जाती है। उसे किसी अप्रेंटिसशिप के झंझट में नहीं पड़ना पडता। नए-नए अस्पताल खुलने से रेडियोग्राफरों की माँग और भी बढ़ रही है।

सलोतरी—भारत कृपिप्रधान देश है, अतः हमारे देश में पशुओं और पशुपालन का विशेप महत्त्व है। सलोतरी का काम पशुओं की देखभाल और उनकी चिकित्सा करना होता है। वह बीमार पशुओ की चिकित्सा करता है तथा ग्रामीणों को पशुओं की नस्ल सुधारने के बारे में आवश्यक सलाह देता है। सलोतरी बनने के लिए चार वर्प का एक कोर्स करना पड़ता है जिसके अन्त में बी०एस०सी० (बैचलर आफ वैटरिनेरी साइंस) की डिग्री मिलती है। इस डिग्री में दाखिला लेने के लिए कम-से-कम योग्यता मैट्रिक (साइंस) है, किन्तु आजकल कम्पीटीशन ज्यादा होने के कारण उन्हीं लोगों को इस कोर्स में भर्ती किया जाता है जिन्होंने फ़िज़िक्स, कैमिस्ट्री और बायालोजी लेकर इन्टरमीडियट पास किया हो। पटना, नैनीताल, नागपुर, तिरुपति, हैदराबाद, महु, बम्बई, गोहाटी, त्रिचूर, जबलपुर, हिसार, कलकत्ता, मथुरा, कटक, बैंगलौर, लखनऊ, फरीदकोट, ग्वालियर, हैदराबाद और विशाखापत्तनम में पशुपालन तथा पशु-चिकित्सा के कालेज हैं। पशुचिकित्सकों की नियुक्ति केवल अस्पतालों में ही नहीं होती वे जिला पशुधन अफसर, पशु फार्म अधीक्षक, भेड़ तथा बकरी विकास अफसर, रोग जांच अफसर, बाजार तथा बूचड़खाना अधीक्षक, कुक्कुटादि अनुसंधान अफसर, सीरम प्रयोगशालाओं के संरक्षक, सीरियालाजिस्ट, प्रजनन फार्मों के अधीक्षक या पशु-विज्ञान अधिकारी के रूप में भी नियुक्त हो सकते हैं। सम्भवतः इन सभी पदवियों पर कम-से-कम ४५० रु० मासिक वेतन

लता है। फौज में तो सलोतरी को भर्ती होते ही सैकिंड लेफ्टीनेन्ट का पद दे देते हैं। देश में सलोतरियों की बड़ी भारी कमी होने के कारण अर्थशास्त्रियों का विश्वास है कि कृषि और पशुधन की वृद्धि के साथ-साथ सलोतरियों की माँग बढ़ती जाएगी। जहाँ कहीं कृषि-संस्थान बनेंगे, डेरियाँ खुलेंगी, पशुओं के विकास की योजना होगी, वहीं सलोतरियों की आवश्यकता पड़ेगी।

मौसम-वैज्ञानिक –मौसम का हमारे जीवन से गहरा सम्बंध है। हवाई जहाजों की उड़ानें, नौ-चालन, खेती-बाड़ी, निर्माण-कार्य, सिंचाई आदि सभी कार्यों में मौसम महत्त्वपूर्ण रोल अदा करता है। इसीलिए प्रत्येक देश में मौसम के सम्बन्ध में अधिक-से-अधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न किया जाता है ताकि बाढ़, अतिवृष्टि अथवा सूखे इत्यादि के कारण हानि न उठानी पड़े।

मौसम-विभाग मौसम के बारे में जानकारी प्राप्त करने का काम करता है। इस विभाग में गजेटेड अफसर बनने के लिए बी०एस-सी० आनर्स अथवा प्रथम श्रेणी में एम०एस-सी० गणित अथवा फिजिक्स होना आवश्यक है। दूसरी नौकरियों के लिए कैमिस्ट्री, फिजिक्स अथवा गणित में एम०ए० या बी० एस-सी० आनर्स की डिग्री आवश्यक है। खड़गपुर की 'दी इंडियन इन्स्टीच्यूट आफ टैक्नालोजी' में मौसम-विज्ञान का एक कोर्स खोला गया है। इस कोर्स को करने वाले विद्यार्थी 150 रु० महीने की छात्रवृत्ति पाते हैं। एम०एस-सी० फिजिक्स या गणित में पास हो जाने के बाद खगोल वेधशाला कोडईकनाल में रिसर्च करने वाले व्यक्तियों को भारत सरकार द्वारा 300 रु० महीने की छात्रवृत्ति दी जाती है। इस विभाग में कैमिस्ट्री आनर्स कर लेने वाले विद्यार्थियों को सीनियर आब्ज़र्वर के पद पर तथा

फ़िज़िक्स और कैमिस्ट्री आनर्स कर लेने वाले व्यक्तियों की सहायक वैज्ञानिकों के स्थान पर नियुक्ति की जा सकती है। सीनियर आब्ज़रवर का वेतन कम-से-कम 250 रु० तथा सहायक वैज्ञानिक का कम-से-कम वेतन 350 रु० है

व्यायाम-शिक्षक—व्यायाम की शिक्षा स्कूली शिक्षा का आवश्यक अंग है। स्कूलों के अतिरिक्त डिफेंस सर्विस, पुलिस होमगार्ड, फायर ब्रिगेड इत्यादि विभागों में भी शारीरिक शिक्षण दिया जाता है। व्यायाम-शिक्षक को फ़िज़िकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर, फिज़िकल ट्रेनर, फ़िज़िकल ट्रेनिंग सुपरवाइज़र अथवा ड्रिल-मास्टर कहते हैं।

व्यायाम-शिक्षक बनने के लिए एक पूरा डिग्री कोर्स प्राप्त करना पड़ता है। इस कोर्स में मैट्रिक पास करने के बाद चार वर्ष लगते हैं। व्यायाम-शिक्षकों को ट्रेनिंग देने के लिए देशभर में विशेष संस्थाओं की स्थापना की गई है। इन संस्थाओं में भी तीन किस्म के कोर्स हैं—(1) डिग्री कोर्स, (2) डिप्लोमा कोर्स, (3) सर्टिफिकेट कोर्स। जो व्यक्ति लम्बा कोर्स नहीं करना चाहते वे मैट्रिक पास करने के बाद एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कुछ ऐसी संस्थाएँ भी हैं जहाँ सर्टिफिकेट का कोर्स करने के लिए मैट्रिक पास तक होना आवश्यक नहीं है। व्यायाम-शिक्षक को अपने काम में प्रवीण होने के अतिरिक्त विनोदी और मिलनसार भी होना चाहिए ताकि वह अपने विद्यार्थियों को भली-भाँति नियन्त्रण में रख सके। अनुशासनबद्धता व्यायाम-शिक्षक का अनिवार्य गुण है। एक बार कोर्स पूरा कर लेने के बाद व्यायाम-शिक्षकों को विश्वविद्यालयों, कालेजों, स्कूलों, सामुदायिक विकास खण्डों, मजदूर और औद्योगिक कल्याण मंडलों, समाज-कल्याण केन्द्रों, खेल-कूद सिखाने की योजनाओं, अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं, युवक कल्याण संगठनों, प्राथमिक और बुनियादी स्कूलों,

डिफेंस सर्विसिज के प्रशिक्षण स्कूलो, रक्षा-दल, होमगार्ड और पुलिस ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट्स में नौकरी मिल सकती है। नेशनल कैडेट कोर, जिमखाना, मनोरंजन क्लब, रेड क्रास तथा खेल-कूद के क्लब भी व्यायाम-शिक्षकों की नियुक्ति करते हैं।

बीमा एजेंट—लोग जीवन में केवल दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही नहीं कमाते, उन्हें समय-समय पर आ पड़ने वाली विपत्तियों तथा विशेष मौकों के लिए भी पहले से ही कोई प्रबन्ध करना होता है। भारतीय जीवन बीमा निगम (लाइफ इंश्योरेन्स कार्पोरेशन आफ इंडिया) बीमे द्वारा लोगो को सुविधाएँ प्रदान करता है। बीमा करा लेने के बाद एक व्यक्ति बीमा निगम को हर महीने थोड़ी-थोड़ी रकम देता रहता है। इस रकम के बदले बीमा निगम, जब उस कभी व्यक्ति पर कोई आपत्ति आ पड़े, उसे सहायता देता है। जीवन बीमा एजेंट का काम लोगों के पास जाकर बीमा-योजनाएँ समझाना तथा उन्हें इस योजना में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। बुढ़ापे में आराम की व्यवस्था करने के लिए या किसी दुर्घटना में अचानक मृत्यु हो जाने पर अपने परिवार वालों की भलाई के लिए बीमा करवा लेना आवश्यक है।

बीमा एजेंट दो प्रकार के होते हैं। एक तो वे जो अपना पूरा समय इस काम में लगाते हैं और दूसरे वे जो अन्य कामों के साथ-साथ पार्ट टाइम में बीमे का काम भी करते हैं। बीमा-एजेंट होने के लिए मिलनसारी और दूसरों से अपनी बात मनवा लेने की क्षमता होना आवश्यक है। वैसे बीमा एजेंट को बहुत ऊँची शिक्षा पाने की आवश्यकता नहीं। जब कोई व्यक्ति बीमा एजेंट नियुक्त किया जाता है तो उसे बम्बई, कलकत्ता, कानपुर और मद्रास में स्थायी रूप से डेढ़ महीने की ट्रेनिंग देने का इन्तजाम किया जाता है। इस ट्रेनिंग के दौरान जीवन बीमा

के सिद्धान्तों के साथ-साथ व्यक्ति को जीवन बीमा क्षेत्र के अ
अनुभवी व्यक्तियों से मिलने का मौका भी मिलता है। जीव
बीमा एजेंटों की नियुक्ति और खोज जीवन बीमा निगम के क्षे
अफसरों द्वारा की जाती है। हमारे देश में अभी तक बी
करवाने का इतना रिवाज नहीं, लेकिन सभ्यता के प्रसार के सा
साथ बीमा करवाने वालों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है।

शिल्प-प्रशिक्षक—शिल्प-प्रशिक्षक का काम साधारण औ
वैज्ञानिक स्कूलों में विद्यार्थियों को विभिन्न शिल्पों में अभ्यस
बनाना है। भारत के स्कूलों में विभिन्न शिल्पी कोर्सों के अन्तर्ग
औज़ारों और अन्य छोटे-छोटे माडलों की सहायता से विभिन्
व्यवसायों की शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों को एक माडल
दिखाकर आवश्यक वस्तु बनाने का आदेश दे दिया जाता है।
शिल्प-शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर डिज़ाइनों, ड्राइंग तथा नक्शों द्वारा
विद्यार्थियों को रास्ता दिखाता है। शिल्प-शिक्षक विद्यार्थियों के
काम में गुण-दोष निकालता है तथा उन्हें ठीक ढंग से चीजें
बनाना सिखाता है। चूंकि विद्यार्थियों को कच्चा माल सरकार
की ओर से ही दिया जाता है इसलिए शिल्प-शिक्षक को स्टोर-
कीपिंग तथा तैयार माल की देखभाल करनी भी आनी चाहिये।
कई बार तो वह माल की बिक्री का प्रबन्ध भी करता है। इस
प्रकार शिल्प-शिक्षक स्कूलों और कालिजों में विद्यार्थियों को
नए-नए व्यवसाय सिखलाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद
करता है।

शिल्प-शिक्षक बनने के लिए पहले किसी इंडस्ट्रियल स्कूल या
टैक्निकल इंस्टीच्यूट से कोई डिप्लोमा अथवा डिग्री प्राप्त करने
के बाद व्यक्ति को प्रेक्टिकल ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। जो लोग
लकड़ी का काम, धातु का काम, सिलाई-बुनाई इत्यादि महत्त्वपूर्ण
शिल्पों में दक्ष हो जाते हैं उन्हें शिल्प-प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त

किया जाता है। यद्यपि शिल्प-प्रशिक्षकों का मुख्य गुण अपनी कला का ज्ञान है किन्तु आजकल साधारणतः यह अपेक्षा की जाती है कि सरकारी स्कूलों या इस्टीच्यूटों में पढ़ाने वाला शिल्प-शिक्षक कम-से-कम मैट्रिक पास होगा। कई राज्यों में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा एक से लेकर तीन वर्ष तक के शिल्पी कोर्स चलाए जाते हैं। इन कोर्सों में नाम मात्र की फीस होती है और लगभग 10-15 रु० मासिक कच्चे माल का खर्चा आता है। किन्तु शीघ्र ही जो लोग थोड़ी-सी भी कुशलता प्राप्त कर लेते हैं उन्हें छात्र वृत्ति मिलने लगती है। शिल्प-शिक्षक का कोर्स कर लेने के बाद व्यक्ति को सभी प्रकार के स्कूलों, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं, अनाथाश्रमों, विधवाश्रमों तथा व्यावसायिक स्कूलों में आसानी से नौकरी मिल सकती है। देश में जितनी तेजी से दस्तकारी उद्योग का विकास हो रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि शिल्पकारों की माँग बढ़ती ही रहेगी, घटेगी नहीं।

पंचायत सचिव—पंचायत प्रजातन्त्र की इकाई है। पंचायतों का काम ग्रामों की व्यवस्था करना, सरकार को सार्वजनिक काम में सहायता देना और गाँव वालों की सुविधा के लिए छोटे-मोटे झगड़ों का गाँवों में ही निर्णय करना है। पंचायतों के पास अपनी निधि भी होती है। यह निधि इकट्ठी करने के लिए पंचायतों को कर लगाने का अधिकार दिया जाता है। पंचायत-सचिव पंचायत के काम की देख-भाल करता है। उसके जिम्मे पंचायत के कामों को पूरा करना, पंचायत के आदेशों का पालन करवाना, पंचायत के कर्मचारियों पर नियन्त्रण रखना तथा पंचायत [illegible] की गई योजनाओं की देख-भाल [illegible]

[illegible]

पंचायत-सचिवों की नियुक्ति करने के लिये सभी राज्यों के भिन्न-भिन्न तरीके हैं। आन्ध्र, मध्यप्रदेश और मद्रास में पंचायत सचिवों की नियुक्ति सीधी सरकार द्वारा, असम और उड़ीसा में डिप्टी कमिश्नर द्वारा, मैसूर में स्थानीय स्वायत्त कमिश्नर द्वारा एवं पंजाब, राजस्थान और बम्बई में जिलाधीश के अनुमोदन से पंचायतों द्वारा की जाती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में पंचायत-सचिव बनने के लिए योग्यताएं भी भिन्न-भिन्न हैं।

पंचायत-सचिवों को ट्रेनिंग देने के लिए असम और हिमाचल प्रदेश में पूर्णकालिक स्कूल खोले गए हैं। बम्बई, पंजाब, उत्तर-प्रदेश एवं अन्य राज्यों में काम के साथ-साथ ट्रेनिंग देने का प्रबन्ध है। एक पंचायत-सचिव को प्रारम्भ में लगभग सवा सौ रुपये वेतन मिलता है।

सांख्यिकीविद् (स्टेटिस्टीशियन)—किसी भी काम को शुरू करने से पहले योजना बनानी पड़ती है। योजना बनाने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता पड़ती है। उदाहरणतः किसी क्षेत्र में आर्थिक सुधार की योजना बनानी हो तो आय, व्यय, कीमत, उत्पादन आदि के आंकड़ों का होना आवश्यक है। जो व्यक्ति ये आंकड़े इकट्ठे करने तथा आंकड़ों की व्याख्या करने में निपुण होते हैं उन्हें सांख्यिकीविद् कहा जाना है।

सांख्यिकी के क्षेत्र में कई नौकरियाँ हैं। सबसे पहली नौकरी अभिगणक की है। साधारणतः मैट्रिक पास व्यक्ति जिन्हें आंकड़ों के काम का प्रारम्भिक प्रशिक्षण मिला हो एवं जो विवरण के रूप में प्राप्त आंकड़ों के जोड़, प्रतिशत आदि निकालने के लिए हिसाब लगाने वाली मशीनों पर काम कर सकते हों, उन्हें अभि-गणक नियुक्त किया जाता है। दफ्तर से बाहर क्षेत्रों में आंकड़े और सूचनायें इकट्ठी करने के लिए क्षेत्रीय कार्यकर्ता नियुक्त किये जाते हैं। गणित अथवा सांख्यिकी में ग्रेजुएट सांख्यिकी सहायक

इस दौरान विद्यार्थियों को सरकार द्वारा वज़ीफ़ा मिलता है। सहकारी पर्यवेक्षक बनने के बाद आगे के प्रशिक्षण की अनेक सुविधायें हैं। रिज़र्व बैंक द्वारा दिये जाने वाले उच्च प्रशिक्षण के अतिरिक्त पूना, मद्रास, पूसा, मेरठ और इन्दौर में पाँच प्रशिक्षण-केन्द्र हैं। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में ऐसे ग्रेजुएट लिये जाते हैं जो किन्हीं अन्य सहकारी संस्थाओं में काम कर रहे हों। सहकारी पर्यवेक्षक बनने के बाद लगभग 150 रुपये मासिक वेतन मिलता है।

विमान इञ्जीनियर—हवाई जहाज़ों को उड़ाने के अतिरिक्त उनकी देखभाल के लिए विमान इंजीनियरों की भी नियुक्ति की जाती है। विमान इंजीनियरों का काम हवाई जहाज़ के इंजिन की देखभाल और मरम्मत करना है। विमान इंजीनियर हवाई जहाज़ में ले जाए जाने वाले सामान, मुसाफिरों और ईंधन की सुरक्षा का प्रबन्ध भी करता है। विमान इंजीनियर बनने के लिए गणित और फ़िज़िक्स लेकर इंटरमीडिएट पास करने के बाद अठारह से तेईस वर्ष तक की आयु के व्यक्ति ए, सी और ऐक्स लाइसैंसों का पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं। यह पाठ्यक्रम तीन वर्ष तक चलता है। जिन लोगों ने गणित और फ़िज़िक्स लेकर विमान इंजीनियर की डिग्री प्राप्त की हो उनके लिए उच्च शिक्षा का प्रबन्ध है। गणित, फ़िज़िक्स और कैमिस्ट्री लेकर इन्टर पास करने वाले व्यक्ति कलकत्ते के हवाई अड्डे पर तीन वर्ष दी जाने वाली हवाई जहाज़ अनुरक्षण इंजीनियरिंग का सर्टीफिकेट कोर्स कर सकते हैं। मैट्रिक पास व्यक्तियों के लिए दो वर्ष हवाई-इंजीनियर का कोर्स करने के बाद एक साल की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का प्रबन्ध है। यह ट्रेनिंग पूरी हो जाने पर वे 'सी' लाइसैंस की परीक्षा दे सकते हैं। दिल्ली, जालन्धर, कलकत्ता, पटना, बम्बई, मद्रास, जयपुर, नागपुर, कानपुर और बंगलौर के फ्लाइंग क्लबों

में हवाई जहाज के अनुरक्षण सम्बन्धी ट्रेनिंग का प्रबन्ध है। इंटरमीडिएट (साइंस) पास व्यक्ति इस तीन साल के कोर्स में प्रवेश पा सकते हैं।

इस सम्बन्ध मे अधिक सूचना प्राप्त करने के लिए (1) प्रधान निदेशक, सिविल विमान, नई दिल्ली, (2) प्रधानाध्यापक, सिविल वैमानिकीय प्रशिक्षण केन्द्र, इलाहाबाद, (3) किसी फ्लाइंग क्लब के अवैतनिक सचिव, (4) हवाई मुख्यालय, नई दिल्ली, (5) किसी ऐसी इंजीनियरी संस्था के प्रधानाध्यापक जहाँ विमान-शास्त्र का प्रशिक्षण दिया जाता हो और (6) निकटतम नियोजन कार्यालय से पत्र-व्यवहार करें।

ग्रामसेवक—स्वतन्त्रता मिल जाने के बाद भी हमारे गाँवो का स्तर अभी तक उठा नही है। किसान खेती और माल बेचने के पुराने ढंग अपनाये हुये हैं तथा शिक्षा के क्षेत्र मे शहरो से बहुत पिछड़े हुए हैं। ग्रामीण जीवन का स्तर ऊँचा उठाने के लिए देश-भर में सामुदायिक विकास योजनाएँ प्रारम्भ की गई हैं। इन योजनाओं के अन्तर्गत बहुत-से कार्यकर्त्ता आते हैं, किन्तु इन कार्यकर्त्ताओं मे ग्रामसेवक सबसे महत्त्वपूर्ण है। वह ग्राम को खण्ड से तथा सरकार को जनता से जोड़ने वाली महत्त्वपूर्ण कड़ी है। उसका काम गाँव वालो की समस्याओ को हल करना एवं विकास की योजनाओ को लागू करना है। इसके लिए उसे गाँव वालों के साथ घुल-मिलकर रहना पड़ता है। एक ग्रामसेवक के कार्यक्षेत्र में लगभग दस गाँव आते हैं। इन गाँवो के साथ नियमित रूप से सम्पर्क रखने के लिए वह दूर-दूर तक साइकल पर या पैदल सफर करता है। जाहिर है कि यह काम करने के लिये उसे कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। ग्रामसेवक का काम करने वालो के लिए ग्रामीण जीवन से परिचय, कृषि-सम्बन्धी विषयों का व्यावहारिक ज्ञान और समाज-सेवा की लगन होना बहुत

आवश्यक है।

ग्रामसेवक की नौकरी प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित राज्य के विकास-कमिश्नर को अर्ज़ी दी जानी चाहिए । मैट्रिक पास व्यक्तियों को ग्रामसेवक के रूप में चुन लिये जाने के बाद लगभग दो साल की ट्रेनिंग दी जाती है। इस ट्रेनिंग में एक साल कृषि की बुनियादी ट्रेनिंग, छः महीने विस्तार-कार्य की ट्रेनिंग और कुछ समय तक अन्य आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन सभी प्रशिक्षणों में रहने का इन्तज़ाम मुफ्त और वज़ीफा साथ होता है। एक बार नियुक्त कर दिये जाने पर ग्रामसेवक को साधारणतः सवा सौ रुपया वेतन मिलता है।

ग्रामसेविका—अनपढ़ तथा संकोची होने के कारण भारत के ग्रामों में रहने वाली अधिकांश नारियां शहरी औरतों की भांति नागरिक जीवन में खुलकर भाग नहीं लेतीं। इन्हीं महिलाओं की सहायता करने के लिये गांवों में ग्रामसेविकाओं की नियुक्ति की जाती है ताकि इन्हें अपने दैनिक और कृषि जीवन से सम्बन्धित नई-नई बातों का पता चलता रहे। ग्रामसेविका का काम गांव में रहने वाली औरतों को गृहस्थी, पोषण, खेती, पाक-कला और प्रसूति की समस्याओं के बारे में आवश्यक सलाह देना है। अपने काम के दौरान ग्रामसेविका को नियमित रूप से घरों में जाना और मिलजुल-कर रहना पड़ता है। कई बार उन्हें विरोध का सामना भी करना पड़ता है, इसलिए आवश्यक है कि ग्रामसेविका में सहानुभूति, व्यवहार-कुशलता तथा ग्रामीणों की समस्याएँ समझने की सच्ची कामना हो।

ग्रामसेविका चुने जाने के लिए मैट्रिक पास और ग्रामीण जीवन से परिचित होना आवश्यक है। आयु के बारे में कोई विशेष रोक-टोक नहीं है, किन्तु साधारणतः 18 और 25 वर्ष के बीच की महिलाओं को चुना जाता है। प्रशिक्षण के लिए चुनी

धीरे-धीरे मोटर-मिस्त्री, बुलडोजर चलाने वाला, ट्रैक्टर-चालक इत्यादि अन्य काम भी सीख सकता है। कलकत्ता की मैसर्स डेवीसन एंड कम्पनी लिमिटेड, मैसर्स ब्रिटेनिया इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड, मैसर्स जॉन्स फौंडर्स लिमिटेड जैसी फर्मों में भी इस काम का प्रशिक्षण मिल सकता है। देश में जिस गति से प्रति-दिन नई-नई सड़कों का निर्माण हो रहा है, उसे देखते हुए रोलर चलाने वालों की आवश्यकता कम नहीं होगी। इस सम्बन्ध में नौकरियों की सूचना सी०पी०डब्ल्यू०डी० डिपार्टमेंट म्युनिसिपल कमेटी, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, कैन्टोनमेंट बोर्डों, रेलवे और निजी उद्योगों, सिमेंट के कारखानों, चाय के बागों और बड़ी-बड़ी फैक्टरियों से मिल सकती है।

ड्रिलर्स—धरती को रत्नगर्भा कहा जाता है। मनुष्य प्रारम्भ से ही धरती में गड़े हुए लोहा, सोना, कोयला और मिट्टी के तेल जैसे बहुमूल्य पदार्थों की खोज करता रहा है। वैज्ञानिक खनिज पदार्थों की खोज करने के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढ लेने के बाद वहां ड्रिलिंग करते हैं। ड्रिलिंग द्वारा जमीन में छेद करके इस बात की परीक्षा की जाती है कि वहां वास्तव में खनिज पदार्थ है भी या नहीं।

ड्रिलिंग का काम सीखने के लिए किसी भी ड्रिलिंग यूनिट के साथ रिजमैन अथवा खलासी के रूप में काम करना पड़ता है। 5-6 वर्ष खलासी या रिजमैन के रूप में काम करने के बाद ही व्यक्ति ड्रिलर बन पाता है। चूंकि भारत में खनिज पदार्थों को निकालने का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है तथा वैज्ञानिक स्थान-स्थान पर कोयला, मैंगनीज, कच्ची धातु, तांबा, सीसा, जस्ता इत्यादि का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, अतः सरकारी विभागों में ड्रिलिंग का डिपार्टमैंट बढ़ता जा रहा है। गैर-सरकारी उद्योगों में भी ड्रिलरों की मांग बनी ही रहती है।

इस सम्बन्ध में विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित स्थानों से सम्पर्क स्थापित करना चाहिए—(1) भारतीय खनिज विभाग, नई दिल्ली, नागपुर (दि इंडियन ब्यूरो आफ माइन्स, नई दिल्ली, नागपुर)। (2) भारतीय भू-गर्भ सर्वेक्षण संस्था, कलकत्ता (दि ज्योलोजिकल सर्वे आफ इंडिया, कलकत्ता)। (3) तेल और प्राकृतिक गैस कमीशन, नई दिल्ली, (दि आयल एंड नेचुरल गैस कमीशन, नई दिल्ली)।

खरादिया—धातु के टुकड़ों को काटने और तराशने के लिए खराद पर चढ़ाया जाता है। खराद एक मशीन है जो धातु के टुकड़ों को काटने समय सहारा देती है और घुमाती रहती है। खराद में साधारण रूप से ढलवाँ लोहे की एक लम्बी समतल चौकी पर घूमने वाला धुरा होता है और दूसरे पुर्ज़ों की गति को कंट्रोल करने के लिए एक लीवर लगा होता है। खरादिये का काम धातु को खराद पर चढ़ाकर आवश्यकतानुसार छेद करना, चूड़ियाँ काटना या कोई विशिष्ट आकार देना है। अपने काम में दक्ष होने के लिए खरादिये को नक्शे पढ़ना, खाके बनाना और रेखाचित्र समझना आना चाहिये। उसे काम के दौरान किसी भी धातु पर काम करना पड़ सकता है। यही नहीं, उसे कई बार बारीक औज़ारों की सहायता से अत्यन्त नफ़ीस काम भी करना पड़ता है। खरादिया कारखाने में काम करता है और तेल-चिकनाई तथा मशीनों के निरन्तर सम्पर्क में रहने से उसके कपड़े मैले हो जाते हैं। खरादिये का काम बड़ी मेहनत और सूझ-बूझ का काम है। अतः इस काम को सीखने के लिए हाथ की सफाई और मेहनत करने की लगन होना जरूरी है।

